भाद्र मास, कृष्ण पक्ष 20 वर्ष, अंक 333 पृष्ठ 8 मूल्य 1.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज रविवार 19 दिसम्बर 2021 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

**क्रियायोग संदेश**

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान प्रयागराज

क्रिया योगः साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस लाख वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

क्रियायोग से सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित।




10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

## मध्य प्रदेशः छतरपुर में दो बसों के बीच भीषण टक्कर, 80 से ज्यादा यात्री घायल, 25 की हालत गंभीर

**छतरपुर।** मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में शनिवार को दो यात्री बसों में भिड़ंत हो गई। हादसे में 80 से ज्यादा यात्रियों के घायल होने की सूचना है। यह दुर्घटना छतरपुर जिले के के गुलगंज थाना क्षेत्र में हुई है। फिलहाल सभी घायलों का इलाज जिला अस्पताल में किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार छतरपुर से बड़ामलहरा की ओर जा रही बस गुलगंज में रुककर सवारी भर रही थी। तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रही आ रही एक अन्य बस ने पहली बस को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि पीछे से टक्कर मारने वाली बस के परखच्चे उड़ गए। दूसरी बस भी पलट गई। घटना के समय दोनों बसों में बड़ी संख्या में यात्री मौजूद थे। घटना में 80 यात्रियों के चोटें आई हैं, जबकि 20 से 25 यात्री गंभीर रूप से घायल हैं।

## राजस्थान में रुक नहीं रही कांग्रेस की रार

**जयपुर।** राजस्थान में कांग्रेस की रार खत्म होने के नाम नहीं ले रही है। पायलट और गहलोत गुट के बीच की दूरियां कम करने के लिए यहां मंत्रिमंडल का विस्तार किया गया। राजनीतिक नियुक्तियां भी की गईं, लेकिन ऐसा लगता है दोनों गुटों में अभी भी सबकुछ ठीक नहीं है। कल जब राजस्थान में अशोक गहलोत के बतौर मुख्यमंत्री तीन साल का कार्यकाल पूरा करने का जश्न मनाया जा रहा था, गहलोत के एक राजनीतिक सलाहकार ने एक बार फिर पायलट पर हमला बोला। मुख्यमंत्री के सलाहकार ने यह हमला ट्विटर पर किया है। संयम लोढ़ा ने लिखा, सरकार की शुरूआत दुधारी तलवार की नोक पर। लगातार अस्थिरता सिर उठाती रही। सूरज को तो पग पग तपना ही है। ह्यखेला होबेह्न तो पंचर ही रहेगा। राज्य के कोने कोने में फैला विकास, उत्सव का भाव तो पैदा करता ही है। सरकार के चौथे वर्ष में प्रवेश पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को हार्दिक बधाई।ह्न बता दें कि संयम लोढ़ा निर्दलीय विधायक हैं। लोढ़ा की ट्वीट इस बात का साफ संकेत है कि दोनों खेमों की दूरियां कम नहीं हुई हैं।

# आत्मनिर्भर होगा देश : राजनाथ सिंह

## सेना के लिए उपकरण, हथियार और गोला-बारूद का देश में ही होगा उत्पादन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि भारत ने अमेरिका, रूस, फ्रांस और अपने कई अन्य सहयोगी देशों को स्पष्ट रूप से बता दिया है कि कई सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा आवश्यक सैन्य मंच (प्लेटफार्म) और उपकरण देश में ही निर्मित किए जाएंगे। राजनाथ ने क्षेत्रीय भू-राजनीतिक गतिविधियों का जिक्र करते हुए कहा कि ईश्वर ने भारत को कुछ ऐसे पड़ोसी दिए हैं, जो इसकी उन्नति को देखकर अच्छा महसूस नहीं करते हैं।

एक देश जो विभाजन से पैदा हुआ है, वह भारत के विकास की चिंता में कमजोर होता जा रहा है।भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) के वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि अमेरिका, रूस और फ्रांस सहित दुनिया के ज्यादातर देश भारत के मित्र हैं। उन्होंने कहा, भारत ने उन्हें स्पष्ट कर दिया है कि भारतीय सशस्त्र बलों के लिए आवश्यक 'सैन्य हार्डवेयर' का उत्पादन देश में करना होगा।उन्होंने कहा, हमने हर मित्र देश से कहा है कि हम देश की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भारत में ही सैन्य मंच, हथियार और गोला-बारूद का उत्पादन करना चाहते हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि सैन्य उपकरण बनाने वाले देशों को संदेश दिया गया है- कम मेक इन इंडिया, कम मेक फार इंडिया और कम मेक फार द वर्ल्ड। एक उदाहरण देते हुए राजनाथ ने कहा कि शुक्रवार को फ्रांस की रक्षा मंत्री फ्लोरेंस पार्ले के साथ बातचीत के बाद यह सहमति बनी थी कि एक प्रमुख फ्रांसीसी कंपनी रणनीतिक साझेदारी माडल के तहत एक भारतीय कंपनी के साथ मिलकर भारत में 'एक इंजन' का उत्पादन करेगी। हालांकि उन्होंने इस संबंध में विस्तार से नहीं बताया। सिंह ने कहा कि भारत इन देशों के साथ दोस्ती बनाए रखेगा, लेकिन साथ ही सैन्य उपकरण, हथियार और गोला-बारूद का देश में ही उत्पादन किया जाएगा।

## धनकुबेर निकला आरडब्लूडी इंजीनियर, विजिलेंस के छापे में मिली चांदी की ईंट, एक किलो से ज्यादा सोना और 95 लाख कैश

**पटना।** बिहार में भ्रष्टाचार के खिलाफ विशेष निगरानी इकाई का अभियान लगातार जारी है। कल एसयूवी ने समस्तीपुर के सब रजिस्ट्रार मणि रंजन के पटना, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर के तीन ठिकानों पर छापेमारी कर करीब 60 लाख रुपए कैश बरामद करने के साथ ही कई प्लॉट-फ्लैट्स, लग्जरी गाड़ियों और करोड़ों के होटल निर्माण का पता लगाया था। शनिवार को ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता अजय कुमार सिंह के पटना में इंद्रपुरी स्थित आवास पर निगरानी ने छापा मारा। इस छापेमारी में 95 लाख रुपए नगद बरामद हुए हैं। एक किलो 295 ग्राम सोने के आभूषण भी मिले हैं। इसके अलावा आवास पर 12 किलो चांदी मिला है इनमें आभूषण और तीन चांदी की ईंटें भी शामिल हैं। चांदी की कुल कीमत 66 लाख 51 हजार रुपए आंकी गयी है। राष्ट्रीय बचत प्रमाण-पत्र में 81 लाख रुपए के निवेश का खुलासा हुआ है।

# हमारे कुछ कार्यकर्ता सरकार का हिस्सा, लेकिन आरएसएस नहीं है रिमोट कंट्रोलः मोहन भागवत



**धर्मशाला।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को कहा कि मीडिया में उनके संगठन को सरकार के रिमोट कंट्रोल के रूप में पेश किया जाता है, जो बिलकुल सच नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि हालांकि भारत एक विश्व शक्ति नहीं है, लेकिन निश्चित रूप से महामारी के बाद के युग में यह विश्व गुरु बनने की क्षमता रखता है। भागवत ने यहां पूर्व सैनिकों को संबोधित करते हुए कहा, मीडिया हमें सरकार के रिमोट कंट्रोल के रूप में संदर्भित करता है, लेकिन यह असत्य है। हालांकि, हमारे कुछ कार्यकर्ता निश्चित रूप से सरकार का हिस्सा हैं। सरकार हमारे स्वयंसेवकों को किसी भी प्रकार का आश्वासन नहीं देती है। लोग हमसे पूछते हैं कि हमें सरकार से क्या मिलता है। उनके लिए मेरा जवाब यह है कि हमारे पास जो कुछ भी है उसे हमें खोना भी पड़ सकता है।

चिकित्सा में प्राचीन भारतीय पद्धतियों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा, ह्नहमें हमारे पारंपरिक भारतीय उपचार जैसे कि काढ़ा, क्वाथ और आरोग्यशास्त्र के माध्यम से देखा गया। अब, दुनिया भारत की ओर देख रही है और भारतीय मॉडल का अनुकरण करना चाहती है। हमारा देश भले ही विश्व शक्ति न बने, लेकिन विश्व गुरु जरूर हो सकता है।

आरएसएस प्रमुख ने प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) दिवंगत बिपिन रावत और 13 अन्य लोगों की याद में एक मिनट का मौन रखा जिनका हाल ही में तमिलनाडु में कुन्नूर के पास हेलीकॉप्टर दुर्घटना में निधन हो गया था। उन्होंने एकता का आह्वान करते हुए कहा कि भारत की अविभाजित भूमि सदियों से विदेशी आक्रमणकारियों के साथ कई लड़ाई हार गई क्योंकि स्थानीय आबादी एकजुट नहीं थी। उन्होंने समाज सुधारक डा.बी आर आंबेडकर का हवाला देते हुए कहा, हम कभी किसी की ताकत से नहीं, बल्कि अपनी कमजोरियों से पराजित होते हैं। सूत्रों ने कहा कि भागवत हिमाचल प्रदेश के पांच दिवसीय दौरे पर हैं और वह तिब्बती आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा से मुलाकात कर सकते हैं।

## गोधरा, सिख विरोधी दंगों की जांच करने वाले सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज नानावती का निधन



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज गिरीश ठाकुरलाल नानावती का शनिवार को निधन हो गया। वह 86 वर्ष के थे। उन्होंने 1984 के सिख विरोधी और 2002 के गोधरा दंगों की जांच की थी। उनके परिवार के सदस्यों ने बताया कि उनका गुजरात में शनिवार दोपहर एक बजकर 15 मिनट पर हृदय गति रुकने से निधन हो गया। न्यायाधीश नानावती का जन्म 17 फरवरी 1935 को हुआ था और वह 11 फरवरी 1958 को बंबई उच्च न्यायालय के वकील के तौर पर पंजीकृत हुए। उन्हें 19 जुलाई 1979 को गुजरात उच्च न्यायालय का स्थायी न्यायाधीश नियुक्त किया गया और फिर 14 दिसंबर 1993 को उनका ओडिशा उच्च न्यायालय में तबादला कर दिया गया। नानावती को 31 जनवरी 1994 को ओडिशा उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया। इसके बाद उन्हें 28 सितंबर 1994 को कर्नाटक उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया। वह छह मार्च 1995 को उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश बने और 16 फरवरी 2000 को सेवानिवृत्त हुए। न्यायाधीश नानावती और न्यायाधीश अक्षय मेहता ने 2002 दंगों पर अपनी अंतिम रिपोर्ट 2014 में गुजरात की तत्कालीन मुख्यमंत्री आनंदीबेन पटेल को सौंपी थी। गोधरा दंगों में 1,000 से अधिक लोग मारे गए थे जिसमें से ज्यादातर लोग अल्पसंख्यक समुदाय के थे। गुजरात में 2002 में तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी ने दंगों की जांच के लिए आयोग गठित किया था। गोधरा रेलवे स्टेशन के समीप साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन की दो बोगियों में आग लगाने के बाद यह दंगे हुए थे।

# यूपी को जिस दमदार काम की जरूरत, वह करके दिखा रही डबल इंजन की सरकार : पीएम मोदी



**शाहजहांपुर।** देश का सबसे बड़े 594 किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेस-वे का पीएम मोदी ने शिलान्यास किया। इसके बाद एक लघु फिल्म भी दिखाई गई। शिलान्यास से पहले सीएम योगी ने पीएम मोदी और मंच पर मौजूद लोगों का आभार जताया। गंगा एक्सप्रेस-वे के शिलान्यास के बाद पीएम मोदी ने माइक संभाला और जनता को संबोधित किया।

पीएम मोदी ने अपने भाषणों की शुरूआत भारत माता की जय बोलकर की। इसके बाद पीएम मोदी ने पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां और ठाकुर रोशन को नमन किया। मोदी ने बाबा विश्वनाथ और भगवान परशुराम का नाम लेकर उनके चरणमों में प्रणाम भी किया। पीएम मोदी ने शहीदों की धरती कहे जाने वाले शाहजहांपुर के काकोरी कांड का भी जिक्र किया। पीएम मोदी ने कहा, संयोग से कल ही पंडित राम प्रसाद बिल्सिमल, अशफाक उल्ला खां और ठाकुर रोशन सिंह का बलिदान दिवस भी है। उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत की याद दिलाते हुए कहा, अंग्रेजी सत्ता को चुनौती देने वाले इन तीनों सपूतों को कल ही के दिन फांसी दी गई थी। भारत की आजादी के लिए अपनी जान देने वालों का हम पर बहुत बड़ा कर्ज है। यह कर्ज हम कभी चुका नहीं सकते, लेकिन देश के विकास के लिए दिन रात मेहनत करके देश को नई ऊंचाईयों तक पहुंचा सकते हैं।

पीएम मोदी ने कहा, जिस भारत का हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने सपना देखा था उस भारत का निर्माण करके हम उन्हें सच्ची कार्यांजलि दे सकते हैं। आज शाहजहांपुर में ऐसा ही पुण्य अवसर है, ऐतिहासिक अवसर है। उन्होंने कहा, आज उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े एक्सप्रेस-वे गंगा एक्सप्रेस-वे पर काम शुरू हो रहा है। मां गंगा सारे मंगलों की सारी उन्नति प्रगति की स्त्रोत है। मां गंगा सारे सुख देती है और हमारी पीड़ा हर लेती है, ऐसे ही गंगा एक्सप्रेस-वे भी यूपी की प्रगति के नए वार खोलेगा। मैं आज मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, संभल, बंदायू, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ और प्रयागराज के एक-एक नागरिक को सब लोगों को विशेष बधाई देता हूं। पीएम मोदी ने कहा, करीब 600 किलोमीटर के इस एक्सप्रेस-वे पर 36 हजार करोड़ रुपये से अधिक खर्च होंगे। यूपी चुनाव से ठीक पहले प्रदेश को सबसे बड़े एक्सप्रेस-वे की सौगात देने पहुंचे पीएम मोदी इशारे-इशारे में विपक्ष पर भी प्रहार किया। उन्होंने कहा, यूपी को चलाने के लिए जिस दमखम की जरूरत है जिस दमदार काम की जरूरत है वह डबल इंजन की सरकार करके दिखा रही है। पीएम मोदी ने यूपी में साढ़े चार में हुए विकास कार्यों को गिनाते हुए कहा, वो दिन दूर नहीं जब यूपी की पहचान सबसे आधुनिक राज्य के रूप में होगी। यह जो आज यूपी में एक्सप्रेस-वे का जाल बिछ रहा है जो नए एयरपोर्ट बनाए जा रहे हैं, नए रेलवे रूट बन रहे हैं, यूपी के लोगों के लिए अनेक वारदान एक साथ लेकर आ रहे हैं।

पंजाब विधानसभा चुनाव

# बीजेपी 70-80 सीटों पर लड़ सकती है चुनाव, कैप्टन के साथ सीट शेयरिंग पर कैसे बनेगी बात

**नई दिल्ली।** पंजाब में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। भारतीय जनता पार्टी और कैप्टन अमरिंदर सिंह के बीच गठबंधन के बाद ऐसी खबरें सामने आ रही हैं कि राज्य की 117 विधानसभी सीटों में से भाजपा 70-80 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतार सकती है। कैप्टन अमरिंदर की नई पार्टी पंजाब लोक कांग्रेस के साथ मिलकर बीजेपी राज्य की सभी 117 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। बीजेपी से जुड़े सूत्रों ने न्यूज एजेंसी अठक से बातचीत में कहा, हमने अलग-अलग सहमतियों के आधार पर सीट शेयरिंग का फैसला किया है। अभी यह तय नहीं किया गया है कि इस गठबंधन का चेहरा कौन होगा पंजाब के लोग बदलाव चाहते हैं और बीजेपी एक बड़े विकल्प के तौर पर उभरकर सामने आई है। सच्चे राष्ट्रभक्त होने की वजह से लोग कैप्टन अमरिंदर सिंह का भी सम्मान करते हैं। सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि बीजेपी कभी मुख्यमंत्री के चेहरे को आगे कर चुनाव नहीं लड़ती। सीट पर अभी



फाइनल फैसला लिया जाना बाकी है। कैप्टन अमरिंदर सिंह पंजाब की राजनीति के बड़े चेहरे रहे हैं। दो बार सत्ता में रह चुके कैप्टन अमरिंदर सिंह के बारे में कहा जाता है कि वो सभी तीन क्षेत्रों माल्वा, माझा और दोआबा के बारे में जमीनी जानकारी रखते हैं। इसके अलावा कैप्टन को कांग्रेस की कमजोरियों और ताकत के बारे में भी बेहतर से पता है। इतना ही नहीं कैप्टन अमरिंदर सिंह को शिरोमणि अकाली दल की कमजोरियों के बारे में जानकारी है। कैप्टन अमरिंदर सिंह ने इससे पहले शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री और पंजाब बीजेपी के इंचार्ज गजेंद्र सिंह शेखावत से उनके दिल्ली स्थित आवास पर मुलाकात की थी। इस बैठक के बाद शेखावत ने कहा, 7 राउंड की बातचीत के बाद मैं इस बात की पुष्टि करता हूं कि बीजेपी और पंजाब लोक कांग्रेस पंजाब विधानसभा चुनाव में एक साथ उतरेंगे। सीट शेयरिंग जैसे विषयों पर बाद में बातचीत होगी।

मीडिया से बातचीत में पंजाब लोक कांकग्रेस और पूर्व राज्य के पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कहा, हम तैयार हैं औ हम यह चुनाव जीतेंगे। सीट शेयरिंग पर फैसला अलग-अलग सीटों के आधार पर होगा। हम 101 फीसदी अपनी जीत को लेकर आश्वस्त हैं। बता दें कि 2 नवंबर को कैप्टन अमरिंदर सिंह ने राज्य के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। बाद में उन्होंने नई पार्टी बनाने का ऐलान भी किया था।

## कर्नाटक में शिवाजी के बाद रायन्ना की मूर्तियों को तोड़ा गया, सीएम बसवराज बोले-दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा

**बेलागावी।** कर्नाटक के बेंगलुरु में शिवाजी महाराज की प्रतिमा को तोड़े जाने के दावे के बाद उपद्रवी तत्वों की ओर से बेलागावी में स्वतंत्रता सेनानी संगोली रायन्ना की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने मामला सामने आया है। शुक्रवार रात की इन घटनाओं को लेकर राज्य के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कहा कि उन्होंने शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश करने वाले लोगों के खिलाफ गृह मंत्री अरग ज्ञानेंद्र से सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। पुलिस सूत्रों ने कहा कि इन मामलों के संबंध में 27 लोग गिरफ्तार किए गए हैं।

मुख्यमंत्री की ओर से कार्रवाई के निर्देश के बाद गृहमंत्री ने कहा कि पुलिस को कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। बेलगावी में कर्नाटक विधानमंडल का शीतकालीन सत्र चल रहा है। ऐसे में पुलिस ने दो अप्रिय घटनाओं के बाद शनिवार को यहां धारा 144 लागू कर कर दी।

# गोल्डन टेंपल में गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी की कोशिश, शख्स की पीट-पीट कर हत्या



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में शनिवार को गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी करने की कोशिश की गई। लोगों की भीड़ ने बेअदबी की कोशिश करने वाले व्यक्ति की पीट पीट कर हत्या कर दी। श्री दरबार साहिब में शनिवार की शाम रहरास साहिब का पाठ हो रहा था। इस दौरान एक लगभग 22 वर्ष के युवक ने सच्चखंड के अंदर माथा टेकने वाले स्थान पर लगी रेलिंग को फांद कर श्री गुरु ग्रंथ साहिब के नजदीक पहुंच गया था जिसे सेवकों ने तुरंत पकड़ लिया। सेवक दोषी व्यक्ति को पकड़ कर पुलिस के हवाले करने के लिए ले जा रहे थे तभी लोगों की भीड़ ने उस पर हमला कर दरबार साहिब परिसर में ही उसकी हत्या कर दी। काफी देर तक व्यक्ति का शव दरबार साहिब परिसर में ही पड़ा था। इसके बाद शव को पुलिस को सौंप दिया गया है। इस घटनाक्रम का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। घटना को लेकर एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि भीड़ ने शख्स की पीट-पीटकर हत्या कर दी है। फिलहाल शव को सिविल अस्पताल ले जाया गया हैं। पुलिस ने कहा कि शख्स के पास से कोई भी डॉक्यूमेंट या फिर पहचान पत्र नहीं मिला है। वहां, मौजूद कुछ लोगों ने बताया कि युवक ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब के सामने रखी तलवार को भी उठाने का प्रयास किया था। हालांकि, समय रहते सचखंड में मौजूद सेवादारों ने युवक को पकड़कर बाहर ले आया और गोल्डन टेंपल में तैनात एसजीपीसी की टास्क फोर्स के हवाले कर दिया।

### खबर संक्षेप

## सीएवी इंटर कॉलेज का वार्षिक खेलकूद 23 दिसंबर को

**प्रयागराज।** सीएवी इंटर कॉलेज का वार्षिक खेलकूद समारोह 23 दिसंबर को सुबह 10 बजे से होगा। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति अरविंद कुमार त्रिपाठी करेंगे। उसी दिन शाम तीन बजे विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। प्रधानाचार्य डॉ. त्रिभुवन प्रसाद पाठक ने बताया कि खेलकूद समारोह में विद्यालय के संस्थागत छात्र-छात्राएं ही प्रतिभाग कर सकते हैं। खेलकूद में रेस, थ्रो व जम्प की प्रतियोगिताएं तीन वर्गों अंडर 14 ( कक्षा 6, 7 व 8 ) अंडर 16 ( 9 व 10 ) और अंडर-19 (11 व 12) में होगी। छात्राओं का अलग वर्ग होगा। क्रीड़ा अध्यक्ष डॉ. अनूप कुमार श्रीवास्तव ने छात्र-छात्राओं को अपने नवीन परिचय पत्र अथवा शुल्क रसीद के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

# तहसील क्षेत्र के मसिका में हो रहे अवैध खनन पर मिशन का विरोध,सकते में आया प्रशासन

### दो हाइवा एक मशीन प्रशासन ने लिया कब्जे में, रिंग रोड के लिए प्रस्तावित थी भूमि

अखंड भारत संदेस

**करछना।** बीते कई दिनों से मसिका गांव के समीप हो रहे अवैध खनन की जानकारी मिलने पर डॉ.भगवत पाण्डे ? की अगुवाई में जागृति मिशन के लोग मौके पर पहुंचे।मिशन द्वारा ग्रामीणों से पूछे जाने पर बताया गया कि कई दिनों से यह कार्य चल रहा है।लोगों ने भी इसपर विरोध जताया।जिसे लेकर मिशन के संयोजक डॉ.पाण्डेय ने तहसील और पुलिस विभाग के अधिकारियों को इससे अवगत कराया और रोके जाने की बात कही।सूचना मिलते ही प्रशासन भी सकते में आया और नायब तहसीलदार विनय कुमार द्विवेदी भी मौके पर पहुंच गये।प्रशासन को देख खनन में लगे कई वाहन तो भाग निकले किन्तु मौके पर दो हाइवा और एक खनन मशीन को प्रशासन ने हिरासत में ले लिया। ग्रामीणों ने बताया कि जिस जगह अवैध खनन किया जा रहा है यह अति महत्वपूर्ण और रिंग रोड़ हेतु प्रस्तावित जमीन है।जिसमें पत्थर गडी. भी हो चुकी है किन्तु सुनियोजित तरीके से और जिम्मेदार लोगों की मिली भगत से यहअवैध खनन किया जा रहा है।मिशन के लोगों ने बताया कि इसके पहले भी प्रशासन के कुछ लोगों की मिली भगत से घोघापुर व आस-पास के गांवों में खनन कराया जा रहा था।जिसे लेकर मिशन और ग्रामीणों ने तत्कालीन जिलाधिकारी से शिकायत करते हुए काम को रोकवा दिया गया था।



खनन स्थल पर मौजूद तहसील प्रशासन

# अधेड़ ने कुएं में कूदकर दी जान


मृतक अधेड़ के घर जुटी भीड़ पूछताछ करती पुलिस

अखंड भारत संदेश

**घूरपुर।** थाना क्षेत्र के बोंगी गांव में शनिवार की भोर एक अधेड़ ने घर के पास में स्थित कुएं में कूदकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर शव परिजनों को सौंप दिया। बोगी गांव निवासी हमजा पुत्र नन्हे 50 वर्ष गांव में मेहनत मजदूरी कर गुजर बसर करता था। इधर लगभग साल भर से मानसिक संतुलन खराब हो गया था। जिससे वह कई बार खुद कुशी का प्रयास कर चुका था। शनिवार की भोर में अचानक घर से बाहर निकला परिजनों ने देखा कि वह अपने बिस्तर पर नहीं है। इसी बीच पास स्थित कुएं से किसी की कराहने की आवाज सुनाई पड़ी तो हो आस पास मे हल्ला मच गया। वही आसपास के लोगों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। गांव के लोगों ने रस्सी और कांटा डालकर कुएं में गिरे ब्यक्ति को बाहर निकालने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद, कुएं में गिरे ब्यक्ति को बाहर निकाला गया। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मौके पर मौजूद परिजनों ने शव की पहचान हमजा पुत्र नन्हे 50वर्ष के रूप में की । सूचना पर पहुंची घूरपुर पुलिस ने पंचनामा कर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक के पत्नी मैसर बेगम, तीन बेटे दो बेटियां हैं । परिवार के लोगों ने बताया कि उसकी मानसिक स्थिति अच्छी नहीं रहती थी। इसके पहले भी कई बार वह खुदकुशी करने का प्रयास कर चुका था ।अधेड़ की मौत से परिजनों का रो- रो कर बुरा हाल है। मौके पर थानाध्यक्ष घूरपुर धीरेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे। मृतक का पोस्टमार्टम कराने की सलाह दी लेकिन परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। जिससे पंचनामा भरकर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## युवक की हत्या मे पुलिस के हाथ खाली

**करछना।** शुक्रवार रात क्षेत्र के हथसरा ताला गाव मे युवक की हत्या के मामले मे पुलिस अभी तक हत्यारो तक पहुचने मे विफल रही है जबकि पूछताछ के लिए कुछ लोगो को उठाया जरूर है लेकिन पुलिस को कोई क्लू अभी तक नही मिल सका है।श्याम सुन्दर उर्फ छोटू आदिवासी पुत्र भाईलाल की रात मे गोली मारकर हत्या कर दी गई थी लेकिन आस पास के लोगो को गोली की आवाज तक सुनाई नही दी और युवक काफी देर तक वही तडपता रहा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई थी।घटना से जहा गाव मे हडकप मचा हुआ है वही किसी से दुश्मनी न होने के बाद भी इस तरह गोली मारकर हत्या करना लोगो के गले नही उतर रहा है पुलिस अभी तक जाच पडताल मे किसी नतीजे तक नही पहुंच सकी है।पुलिस ने बताया कि अभी तक कोई तहरीर नही मिली है परिजनो से बात की गई लेकिन परिजन दाह सस्कार मे व्यस्त होने के कारण तहरीर नही दिए है।

# शांति और कानून व्यवस्था में नागरिक सहयोग प्रदान करें : कोराव कोतवाल

### पीस कमेटी की बैठक थाना पुलिस कोरांव में आयोजित

अखंड भारत संदेश

**कोराव।** थाना प्रभारी कोरांव रमेश चौबे ने पीस कमेटी की बैठक में नागरिकों से आह्वान किया कि क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था कायम करने में पुलिस और प्रशासन का सहयोग करें,जिससे अप्रिय घटनाएं न घटे। चौबे ने आगामी विधान सभा चुनाव को लेकर ग्राम प्रधानों सहित तमाम जनप्रतिनिधियों आम जनों से अपील किया कि अपराध को नियंत्रित करने के लिए मादक पदार्थों की तस्करी आदि क्राइम को रोकने में सहयोग करें। मेरा प्रयास रहता है कि समुचित ढंग से पीड़ित को न्याय मिले। उन्होंने कई ग्राम प्रधानों सक्षम लोगों से आम चौराहों जैसे देवघाट तिराहा आदि स्थानों पर सी सी टी वी कैमरा लगवाने में सहयोग का आह्वान किया जिससे अपराधियों अपराध के बारे में कुछ जानकारी मिल सके। बैठक में पिंटू चौबे सदस्य जिला पंचायत प्रयागराज,सपा नेता प्रमोद मिश्र उर्फ पयासी प्रधान अल्हवा शहजादे सहित कई ग्राम प्रधान बी डी सी मेंबर आम जन वकील,आदि उपस्थित रहे।


कोतवाल थाना पुलिस कोरांव पीस कमेटी की बैठक में विचार व्यक्त करते हुए

# मेला प्राधिकरण दफ्तर के पास से कटवा डाला हरा पेड़

**प्रयागराज।** मेले के लिए काम कर रही संस्थाओं ने परेड मैदान की लाल सड़क के पास एक हरे भरे पेड़ को वीरान कर दिया। पुराने पीपल के पेड़ को काट दिया गया और अब इस पेड़ में केवल तना व बीच का सूखा हिस्सा बचा है। प्रयागराज में पितरों को तर्पण करने आने वाले लोग इसी पेड़ की छांव के तले भोजन तैयार किया करते थे।

परेड मैदान में प्रयागराज मेला प्राधिकरण के कार्यालय के ठीक सामने लाल सड़क व त्रिवेणी मार्ग के बीच के मैदान पर पीपल का एक पुराना पेड़ है। पेड़ को शुक्रवार की शाम कुछ लोग काट रहे थे। इसकी सभी हरी शाखाओं को काट दिया गया। पूरा पेड़ शाम को सिर्फ एक सूखी लकड़ी दिख रहा था। इसी पेड़ से कुछ दूरी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में पीएम की लैंडिंग के लिए हेलीपैड बन रहा है। बताया जा रहा है कि इसी हेलीपैड पर प्रधानमंत्री का हेलीकॉप्टर उतरेगा। फिलहाल पेड़ को काटे जाने के बाबत पूछने पर मेलाधिकारी शेष मणि पांडेय और मंडलायुक्त संजय गोयल ने कहा कि कोई जानकारी नहीं है। वहीं जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री का कहना है कि पेड़ काटा नहीं गया है, छंटाई हुई होगी, वो समय के साथ जरूरी होता है।

# बेटियों को समान अवसर प्रदान करने की जरूरत : डा. अस्मिता सिंह

अखंड भारत संदेश

**घूरपुर।** देश का समुचित विकास तब तक संभव नहीं हैं जब तक बेटियों को समान अवसर नहीं प्रदान किये जाएंगे इसलिये देश के चहुमुखी विकास हेतु बेटियों को समान अवसर प्रदान किये जाने की जरूरत हैं। इतना ही नहीं बेटियों के रहने से कई घर आपस मे जुड़ते हैं। आज बेटियों ने सभी क्षेत्रों मे बेटों को पछाड़ कर सफलता प्राप्त करते हुए समाज एवम परिवार को गौरवान्वित करने का कार्य कर रहीं हैं।उक्त बातें केंद्रीय इलाहाबाद विश्वविद्यालय की प्रोफेसर डा अस्मिता सिंह शनिवार को चाका क्षेत्र के जे. वी. एम. बालिका हाईस्कूल मे बतौर मुख्य अतिथि के रूप मे छात्राओं के सम्बोधन मे व्यक्त की आगे उन्होंने बेटियों के शिक्षा पर सम्पूर्ण सहयोग देने का वादा करते हुए यह भी बोलीं कि उनके द्वारा करछना विकास खण्ड का चनैनी गाँव गोद लिया गया हैं जिसमें आयोजित कार्यक्रम प्रधानमंत्री जी के आगमन की वजह से अब बाइस दिसम्बर को आयोजित होगा। इस अवसर पर विद्यालय मे लाइब्रेरी हेतु एक लाख रुपए का चेक विद्यालय प्रबंध समिति को सौपा गया।डा. सौफिया, डा हेमलता, डा. निर्मला आदि सहयोगी शिक्षिकाओं ने भी सभा को सम्बोधित करते हुए 22दिसम्बर को चनैनी आयोजित कार्यक्रम मे शिरकत करने की अपील की।कार्यक्रम का संचालन अभिषेक सिंह पटेल एवम अध्यक्षता प्रबंधक नारेन्द्र सिंह पटेल ने किया।प्रधानाचार्य श्री गेंदा लाल मिश्र ने अतिथियों के आगमन पर धन्यवाद अभिभाषण प्रस्तुत किये।


वक्तव्य देती डॉ अस्मिता सिंह

## सपूर्ण समाधान दिवस पर मायूस लौटे फरियादी

**करछना।** तहसील सभागार मे आयोजित सपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर कुल 90 शिकायते आई लेकिन मौके पर एक भी समस्या का निस्तारण न होने से फरियादी एकबार फिर मायूस होकर लौट गये।अध्यक्षता तहसीलदार रमेश चन्द्र पाण्डेय ने किया।उन्होने दिवस पर अनुपस्थित विभागीय अधिकारियो पर नाराजगी व्यक्त की और कहा कि शिकायतो पर टीम बनाकर तत्काल निस्तारण करे जिससे लोगो को न्याय मिल सके।कुल 90 शिकायते आई जिसमे सबसे ज्यादा राजस्व से जुडी रही इसके अलावा बिजली पानी और सडक से जुडी शिकायते रही।इस मौके पर नायब तहसीलदार विनय द्विवेदी, एडीओ समाज कल्याण विजय शकर,कानूनगो कुलदीप सूर्यकान्त शुक्ला,बैजनाथ तिवारी पृथ्वीराज समेत कई जिम्मेदार अधिकारी मौजूद रहे।

# करछना में हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया अमृत महोत्सव

### ब्लाक परिसर में आयोजित कार्यक्रम में वंदे मातरम का हुआ गायन, निकाली गई तिरगा यात्रा





अमृत महोत्सव में मंच पर उपस्थित लोग व सामने बैठी महिलाएं

अखंड भारत संदेश

**करछना।** स्वत्रंतता के अमृत महोत्सव के तहत शनिवार को ब्लाक परिसर मे एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे क्षेत्रीय लोगो की भारी भीड रही और लोग वदेमातरम गायन के समापन हुआ।इस दौरान मुख्य वक्ता डा0 राकेश उपाध्याय ने स्वाधीनता दिवस के 75वे वर्ष पर बोलते हुए कहा कि यह अमृत महोत्सव हमे अवसर प्रदान करता है कि अपनी जडो स जुडने,अपने इतिहास बोध को सही और सुदृढ करने का स्वबोध व स्वाभिमान को जागृत करने का और यदि हम कही भटक गये हो तो अपने को ठीक करने का इस महान सर्घष के स्मरण करने के साथ ही स्वाधीनता सग्राम 1857 से लेकर 1947 तक देश आजादी तक हमारे जन नायको को स्मरण करने और उनके दिखाये रास्तो पर चलकर एक आदर्श भारत बनाने का संकल्प लेने की जरूरत है।अध्यक्षता इ0अशोक बाजपेई और सचालन सुमित ओरक्षा ने किया।इस मौके पर बड़ी सख्या मे महिलाए और क्षेत्रीय गणमान्य लोगो ने अमृत महोत्सव मे स्वाधीनता के जन नायको को नमन करते हुए वदेमातरम का गायन कर भारत माता के जयघोस के साथ समापन हुआ। इस मौके पर ई, जगदीश सिंह यादव, रहीसा यादव, सुजीत सिंह,अवतार किशन सिंह, विनय सिंह यादव, देव कृष्ण यादव, ओमप्रकाश निषाद, पंकज द्विवेदी, ज्ञान सिंह यादव, पियूष रंजन निषाद, सुरेश पाण्डेय प्रधान पुरैनी, आदि बड़ी संख्या में महिलाओं सहित सैकड़ों लोगों नें सहभागिता की।

# तिरंगा यात्रा व वंदे मातरम् में बड़ी संख्या में जुटी भीड़

**करछना।** अमृत महोत्सव के अवसर पर करछना ब्लॉक परिसर में क्षेत्र के विभिन्न गांव से लगभग हजारों लोग ब्लॉक परिसर में आयोजित अमृत महोत्सव व वंदे मातरम गायन में शामिल हुए हासिमपुर पुरैन प्रधान सुरेश पांडे के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा में शामिल सैकड़ों लोग ब्लॉक परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पहुंच कर वंदे मातरम गायन में भाग लिया इस अवसर पर उनके साथ बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे वंदे मातरम्‌ कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में ब्लाक कर्मी मौजूद रहे हैं।


तिरंगा यात्रा में शामिल पुरैनी प्रधान सुरेश पाण्डेय व लोग

## न्यूज झरोखा

### दीन दयाल बिरिदु संभारी, हरहु नाथ सम संकट भारी



**प्रतापपुर।** क्षेत्र के कंधरपुर हनुमान मंदिर पर चल रहे अखंड रामायण पाठ की पूणार्हुति आज।संगीतमयी अखंड रामायण पाठ की स्वर लहरियों से का गाँव का माहौल भक्तिमय हो गया।आयोजक श्रीकांत शुक्ला पूर्व ग्राम प्रधान भोगवारा ने बताया गाँव के कल्याण के लिए प्रत्येक वर्ष रामायण पाठ का आयोजन कराते है।इस दौरान विजयकांत शुक्ला, श्रीकांत शुक्ला, धर्मकांत शुक्ला, राजकुमार पांडेय, शिवकांत शुक्ला, सत्यकान्त शुक्ला, संतोष शुक्ला, संजय शुक्ला, हवलदार तिवारी, अखिलेश शुक्ला, धीरज शुक्ला, अंकित शुक्ला, विजय कुमार, अलगू बिंद, दिलीप विश्वकर्मा, लाल चन्द्र बिंद, अजय, अम्बुज, आशीष नितिन सहित तमाम श्रद्धालु रहे।

### समाजवादी छात्रसभा से विधानसभा करछना के उपाध्यक्ष बने मो. फैसल व मो. तालिब बने सचिव



**करछना।** क्षेत्र के ब्यौहरा गाँव निवासी मो. फैसल को समाजवादी छात्रसभा का करछना विधानसभा का उपाध्यक्ष बनाया गया । व करछना क्षेत्र के करेहा गाँव के निवासी मो. तालिब को समाजवादी छात्रसभा का करछना विधानसभा का सचिव बनाया गया। यह जानकारी समाजवादी छात्रसभा के करछना विधानसभा के अध्यक्ष विकास सोनी ने दी है। इन दोनों के मनोनयन पर क्षेत्रीय युवाओं व छात्रों हर्ष व्याप्त है। छात्रों ने कहा कि इससे उनकी समस्याओं को लेकर संघर्ष करने में पूरा ऊर्जा के साथ तेजी आएगी।

### रिशी अग्रवाल को शिक्षाशास्त्र में पीएचडी की उपाधि



**नैनी।** रिशी अग्रवाल पत्नी डा आशीष अग्रवाल ने सैम हिगिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी और विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स), प्रयागराज से शिक्षा शास्त्र में टीचर एजुकेशन विभाग, कॉलेज ऑफ एजुकेशन से सफलतापूर्वक पीएच.डी की। उन्होंने अपना शोध कार्य सलाहकार डॉ सीमा मलिक असिस्टेंट प्रोफेसर की देखरेख में पूरा किया।उक्त शोध को पूरा करने पर उन्हें पीएच.डी. की उपाधि प्रदान की गई। फाईनल वाइवा में बाहरी परीक्षक के रूप में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी की फैकल्टी ऑफ एजुकेशन की प्रोफेसर मीनाक्षी सिंह थीं, जबकि डॉक्टर निशि त्रिपाठी उनके फाइनल वाइवा की चेयरमैन थी। रिशी अग्रवाल का शोध शीर्षक सामाजिक आर्थिक स्थिति के संदर्भ में माध्यमिक विद्यालय के छात्रों की कैरियर वरीयता और शैक्षणिक उपलब्धि प्रेरणा का एक अध्ययन' था।

### भाजपा नेता पंडित विजय शर्मा ने लगाया चौपाल



**प्रतापपुर।** प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता पंडित विजय शर्मा ने प्रतापपुर विधानसभा के सर्वांगीण विकास हेतु सवार्डीह गाँव में सीबी प्रजापति के यहाँ चौपाल लगाकर लोगों से उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पुनः भाजपा सरकार बनाने के लिए अपील किया।विभिन्न गांवों में जनसम्पर्क कर मोदीजी, योगीजी सरकार की नीतियों के बारे में लोगों को बताया और लोगों से प्रतापपुर विधानसभा के विकास हेतु आशीर्वाद मांगा।इस अवसर पर नन्हें मिश्रा पूर्व प्रधान, राजू सिंह, महावीर मिश्रा, रिंकू मिश्रा, साधु लाल मिश्रा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### जिला सहायक आयुक्त ने धान क्रय केंद्रों का किया औचक निरीक्षण



**मेजा रोड।** शनिवार को विकास खंड मेजा क्षेत्र की समितियों में संचालित धान क्रय केंद्रों का जिला सहायक निबंधक /सहायक आयुक्त प्रमोद वीर आर्य ने औचक निरीक्षण किया,जिससे कई केंद्र पर हड़कंप मच गया।श्री आर्य ने इटवा कलां केंद्र के निरीक्षण के दौरान अभिलेख अपूर्ण पाए गए।वहां नियुक्त राम सिरोमणी पांडेय को तत्काल प्रतिकूल प्रविष्टि दे दी गई और कहा कि यदि भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति हुई तो निलंबित कर दिया जाएगा। पिपरांव केंद्र पर निरीक्षण करते हुए सहायक आयुक्त ने प्रभारी को उनकी कार्य शैली पर चेतावनी पत्र जारी किया गया। सहायक आयुक्त द्वारा खूंटा धान क्रय केंद्र का भी निरीक्षण किया गया। वहां पर कृषकों का धान तो तौला जा रहा था,लेकिन नमी मापक यंत्र खराब पाया गया। सचिव ने बताया कि नमी मापक यंत्र खराब होने की शिकायत संबंधित क्रय एजेंसी से की गई है। तेंदुआ कलां स्थित सहकारी समिति का निरीक्षण किया गया। यहां पर उर्वरक से संबंधित अभिलेख अपूर्ण पाए गए। लापरवाही बरतने पर सचिव को कठोर चेतावनी दी गई।इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी (सहकारिता) विष्णु प्रभाकर मिश्र मौजूद रहे।

### फरार चल रहे छह वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सहसों।** शासन द्वारा निर्दिष्ट अपराध एवं अपराधियों पर चलाए जा रहे अंकुश अभियान के तहत थरवई पुलिस ने शनिवार को फरार चल रहे 6 नफर वारंटी अभियुक्तों को दबिश देकर गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों में देवी प्रसाद यादव पुत्र मसुरियादीन 58 वर्ष निवासी जगदेवपुर उर्फ बरेठी थाना थरवई, ओमप्रकाश पुत्र श्यामलाल 23 वर्ष निवासी सेमरी थाना थरवई, अजय कुमार सिंह पुत्र रामकिशुन 51 वर्ष निवासी भोपतपुर थाना थरवई, शिवपाल पुत्र रामजतन 25 वर्ष निवासी पूरनतारा थाना थरवई, स्वामीनाथ पुत्र स्वर्गीय राम लखन 67 वर्ष निवासी कोड़सर थाना थरवई, सुरेंद्र कुमार पुत्र स्वर्गीय रामधन 75 वर्ष निवासी गोड़वा थाना थरवई को गिरफ्तार कर थरवई पुलिस ने थाने ले आकर लिखा पढ़ी करते हुए इनके विरुद्ध अलग-अलग संबंधित अपराधिक धाराओं में निरुद्ध करते हुए मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।

## खबर संक्षेप

### भूमि विवाद में हुई हत्या में पिता-पुत्र सहित तीन को उम्र कैद

**प्रयागराज।** जिला न्यायालय ने भूमि विवाद को लेकर हुई हत्या में आरोप साबित होने पर आरोपी शालिग राम यादव और उनके दो पुत्रों मनोज यादव और महेश यादव को उम्र कैद और 50-50 हजार रुपये के जुमार्ने की सजा सुनाई है। अभियुक्त मनोज कुमार को आयुध अधिनियम के तहत तीन वर्ष की कैद और पांच हजार रुपये जुमार्ने की अतिरिक्त सजा सुनाई गई है।यह निर्णय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रश्मि सिंह ने एडीजीसी जय कांत तिवारी और उमा शंकर शर्मा तथा बचाव पक्ष के अधिवक्ता को सुनकर दिया है। घटना 28 मार्च 2011 की थाना सराय ममरेज के अनुवा गांव की है। वादी लाल चंद यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके चचेरे भाई गजाधर उर्फ शिवकुमार से 28 मार्च की सुबह जमीन को लेकर अभियुक्त गण की कहासुनी हुई थी। अभियुक्तगणों ने जान से मारने की धमकी दी थी।उसी दिन शाम को गजाधर और ओम प्रकाश यादव भेलखा बाजार से घर वापस आ रहे थे। तभी रास्ते में अभियुक्त गणों ने ललकारा और अभियुक्त मनोज यादव ने तमंचा से फायर कर दिया। गोली गजाधर और ओम प्रकाश को लगी। दोनों को अस्पताल लेकर गए, जहां गजाधर की मृत्यु हो गई। घटना में ओमप्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

आरोप साबित होने पर अदालत ने शालिग्राम यादव और उनके दोनों पुत्र मनोज यादव और महेश यादव को हत्या और हत्या के प्रयास की धाराओं में उम्र कैद और 50-50 हजार रुपये के जुमार्ने की सजा सुनाई। अदालत ने जुमार्ने की आधी धनराशि ओम प्रकाश को दिए जाने का आदेश दिया है।


रैली स्थल का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ


रैली के दौरान आने वाले लोगों के लिए लगाया गया कुर्सी


बंधवा हनुमान मंदिर पर दर्शन करने पहुंचे मुख्यमंत्री

# मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों का लिया जायजा

## सीएम ने रैली स्थल को परखने के बाद संगम तट स्थित हनुमान मंदिर में टेका मत्था, 6 हजार पुलिस के जवान रहेंगे रैली में मौजूद, कई जिलों से प्रयागराज पहुंचेंगे पुलिस के जवान

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 21 दिसंबर को प्रस्तावित कार्यक्रम के मद्देनजर शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। योगी के साथ जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. महेंद्र सिंह के अलावा सिद्धार्थनाथ सिंह, नंद गोपाल गुप्ता नंदी, सांसद रीता बहुगुणा जोशी, भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केशरवानी आदि मौजूद रहे। पंडाल और मंच का जायजा लेने के बाद योगी आदित्यनाथ संगम तट स्थित लेटे हनुमान मंदिर पहुंचे और बजरंग बली का दर्शन पूजन किया। इसके बाद उन्होंने गंगा तट पर आरती भी की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 21 दिसंबर को प्रस्तावित कार्यक्रम को शनिवार को अंतिम रूप दिया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने परेड मैदान स्थित आयोजन स्थल का भी निरीक्षण किया।

### अधिकारियों के साथ सर्किट हाउस में किए बैठक

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एयरपोर्ट से सीधे प्रधानमंत्री की रैली के लिए बनाए जा रहे पंडाल को देखने के लिए परेड ग्राउंड के मैदान पर पहुंचे पंडाल तथा आने वाले लोगों के लिए बैठने की व्यवस्थाओं को परखा तथा कुछ आवश्यक निर्देश भी अधिकारियों को दिए ' इसके बाद रैली के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी भी अधिकारियों से लिए।

### 20 दिसंबर को रैली में भाग लेने के लिए पहुंच जाएंगी महिलाएं

एक दिन पहले अंबेडकर नगर, औरैया, अयोध्या, आजमगढ़, बांदा, बाराबंकी, चंदौली, गाजीपुर, हमीरपुर, जालौन, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, लखनऊ, मऊ, रायबरेली, सीतापुर, सोनभद्र, सुल्तानपुर, उन्नाव और महोबा की 60 हजार महिलाएं प्रयागराज आ जाएंगी। वहीं प्रयागराज के आसपास जिले की महिलाएं भी होंगी। इन महिलाओं के ठहरने के लिए 92 स्कूलों में व्यवस्था की गई है। इनके रहने के लिए चिह्नित स्कूल 20 से 22 दिसंबर के बीच प्रशासन के कब्जे में रहेंगे। इसके अलावा सीधे कार्यक्रम में दो लाख से अधिक महिलाएं पहुंचेगी।

### रैली के दौरान पांच समूह की महिलाओं को देंगे प्रमाणपत्र

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कार्यक्रम में पांच योजनाओं की महिलाओं को प्रमाणपत्र देने के साथ हौसला-अफजायी भी करेंगे। बीसी सखी योजना, सामुदायिक शौचालय को देखरेख करने वाली महिलाएं, टेक होम राशन योजना, स्वयं सहायता समूह और कन्या सुमंगला योजना की महिलाएं कार्यक्रम में शामिल होंगी।

### कार्यक्रम में आने वाली महिलाओं की सुरक्षा का रखा गया है विशेष ध्यान

कार्यक्रम में आने वाली महिलाओं की सुरक्षा का विशेष प्रबंध किया गया है। हर बस में दो महिला सिपाहियों की ड्यूटी लगाई गई है। जहां पर महिलाएं रुकेंगी, वहां भी महिला सिपाही मौजूद रहेंगी। कार्यक्रम स्थल के आसपास भी ज्यादा से ज्यादा महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी। वही डीआईजी ने परेड मैदान से लेकर पार्किंग का इंतजाम देखा। उन्होंने बताया कि सुरक्षा और यातायात व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम किया जा रहा है। पार्किंग स्थल पर भी जांच की जाएगी। बम निरोधक दस्ता और खोजी कुत्ता की मदद से छानबीन चल रही है।

### 20 व 21 दिसंबर को रहेगा रूट डायवर्जन

प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में आने वाली संभावित भीड़ को देखते हुए यातायात पुलिस ने शहर में डायवर्जन लागू किया है। एसपी ट्रैफिक अरुण कुमार दीक्षित ने बताया कि 20 दिसंबर से ही गाड़ियों को डायवर्ट कर दिया जाएगा। नए यमुना पुल पर सामान्य यातायात प्रतिबंधित रहेगा। इसके अलावा सभी कामर्शियल वाहन, गैस टैंकर और एफसीआई के वाहनों को प्रतिबंधित किया गया है। पास वाली गाड़ियों को भी इंट्री नहीं मिलेगी। कौशाम्बी, फतेहपुर और कानपुर जाने वाले वाहन बम्हरौली से होकर जाएंगे। वाराणसी, जौनपुर, भदोही आदि जिलों में आवागमन करने वाली गाड़ियों को सिविल लाइंस से लोकसेवा आयोग, तेलियरगंज, फाफामऊ, सोरांव व हंडिया के रास्ते भेजा जाएगा। लखनऊ, फैजादाबाद, प्रतापगढ़ जिले में आवागमन करने वाली गाड़ियों को तेलियरगंज से फाफामऊ की ओर भेजा जाएगा।

# एसआरएन में न्यायिक अधिकारी के बेटे की पिटाई

**अधिकारियों के हाथपांव फूले, कुर्सी मांगने को लेकर हुआ विवाद, दोस्त की दादी को देखने एसआरएन आया था न्यायिक अधिकारी का बेटा**

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** स्वरूपरानी नेहरू (एसआरएन) अस्पताल में एक न्यायिक अधिकारी के बेटे की पिटाई के बाद जमकर हंगामा हुआ। कुर्सी मांगने को लेकर हुए विवाद के बाद न्यायिक अधिकारी के बेटे और उसके दोस्तों पर हमला बोल दिया गया। पुलिस कर्मी बचाकर चौकी ले गए तो भीतर घुसकर उन्हें डंडों से पीटा गया। बीच बचाव पर पुलिस कर्मियों से भी हाथापाई की गई। हालात को देखते हुए कई थानों की फोर्स बुला ली गई तब जाकर दोनों को बचाया जा सका। देर रात तक मौके पर स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई थी। रसूलाबाद निवासी आकाश प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करता है और उसकी एक न्यायिक अधिकारी के बेटे से दोस्ती है। आकाश की दादी कमला देवी (85) को ब्रेन हैमरेज हुआ था, जिसके बाद उन्हें एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शुक्रवार शाम जब आकाश अस्पताल में था, उसी दौरान कुर्सी को लेकर उसकी अस्पताल के एक कर्मचारी से कहासुनी हो गई। उस समय मामला शांत हो गया। कुछ देर बाद न्यायिक अधिकारी का बेटा एक अन्य दोस्त के साथ पहुंचा तो आकाश ने उसे घटना के बारे में बताया। इसके बाद न्यायिक अधिकारी के बेटे के एक अन्य दोस्त ने उक्त कर्मचारी से नाम पूछ लिया और इसी बात को लेकर विवाद होने लगा। शोरगुल सुनकर अन्य स्टाफ व जूनियर डॉक्टर जुट गए। इस बीच न्यायिक अधिकारी के बेटे व उसके दोस्तों पर हमला बोल दिया गया। सूचना मिली तो पुलिसकर्मी पहुंचे और तीनों को किसी तरह बचाकर पुलिस चौकी में ले गए। लेकिन हमलावर वहां भी पहुंच गए और चौकी के भीतर घुसकर उन्हें पीटने लगे।

### न्यायिक अधिकारी का मामला होने से अधिकारियों के हाथपांव फूले

पुलिस कर्मियों ने बीच बचाव किया तो उनसे भी हाथापाई की। मामले की जानकारी मिली तो पुलिस अफसर कई थानों की फोर्स लेकर मौके पर पहुंच गए और किसी तरह युवकों को बचाया गया। चूंकि मामला न्यायिक अधिकारी के बेटे से जुड़ा था, ऐसे में पुलिस के साथ ही मेडिकल कॉलेज प्रशासन के भी हाथ-पांव फूल गए। मौके पर एसपी सिटी, सीओ के साथ ही मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल एसपी सिंह समेत अन्य लोग पहुंच गए। देर रात तक दोनों पक्षों से पुलिस बातचीत में जुटी थी। डीआईजी सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी ने बताया कि मौके पर स्थिति शांतिपूर्ण है और दोनों पक्षों से बातचीत की जा रही है। शिकायत मिलती है तो मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। मारपीट में घायल एक युवक ने पुलिस को बताया कि उसे व उसके दोस्तों को दौड़ा दौड़ाकर पीटा गया। यहां तक कि जब उन्हें बचाकर पुलिसवाले चौकी ले गए तो वहां पर हमलावर पुलिसकर्मी के हाथ से डंडा छीनकर उन्हें पीटने लगे।

### पिता-पुत्र समेत छह लोगों को आजीवन कारावास

**प्रयागराज।** जिला न्यायालय ने बंटवारे के विवाद को लेकर हुई हत्या में आरोप साबित होने पर अभियुक्त भतीजे बीरबल यादव और दो अन्य कमलेश यादव और मदन यादव को उम्र कैद और 10-10 हजार रुपये के जुमार्ने की सजा सुनाई है। उक्त प्रकरण में निर्णय के समय एक अन्य अभियुक्त जितेंद्र कुमार यादव अनुपस्थित था, जिसकी ओर से हाजिरी माफ किए जाने की अर्जी प्रस्तुत की गई। कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया और उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर दिया है। यह आदेश अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम किशोर शुक्ला ने अपर जिला शासकीय अधिवक्ता गिरीशचंद्र तिवारी और एडीजीसी हरि नारायण शुक्ला तथा वादी के अधिवक्ता रानेंद्र प्रताप सिंह एवं बचाव पक्ष के अधिवक्ता को सुन कर दिया है। घटना 16 मई 2013 की मेजा थाने के ग्राम अभिलहवा की है। इसी को लेकर 16 मई की रात उसके पिता इंद्र बहादुर यादव उर्फ मल्लू दुकान पर सोने के लिए जा रहे थे कि अभियुक्तगण जितेंद्र कुमार यादव, बीरबल यादव, कमलेश यादव और मदन यादव एकाएक घेरकर लाठी-डंडों से सिर पर प्रहार करके मारने लगे। घायल इंद्र बहादुर की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मृत्यु हो गई। अभियोजन ने आठ गवाह पेश किए। आरोप साबित होने पर अदालत ने तीनों अभियुक्तों को उम्र कैद और जुमार्ने की सजा सुनाई।

### दहेज हत्या में पति को सात साल की कैद

**प्रयागराज।** जिला न्यायालय ने दहेज हत्या का आरोप साबित होने पर आरोपी पति कृष्ण कुमार गौतम को सात साल की कैद और 23 हजार रुपये के जुमार्ने की सजा सुनाई है। यह निर्णय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मिताली गोविंदराव ने एडीजीसी अशोक कुमार मौर्य और बचाव पक्ष के अधिवक्ता को सुन कर दिया है। घटना 23 अप्रैल 2016 की थाना करछना की है। वादी राम अवतार ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि प्रार्थी की नातिन शीला अपने नाना के साथ करछना में रहती थी। उसी समय आरोपी कृष्ण कुमार उसे बहला फुसलाकर भगा ले गया था और बाद में शादी कर ली थी। कुछ समय बाद अभियुक्त दहेज की मांग को लेकर मृतका शीला को मारता पीटता और प्रताड़ित करता था और मांग पूरी ना होने पर उसे जला डाला। उसकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। अदालत ने जुमार्ने की धनराशि 75,000 रुपये मृतका की नाबालिग पुत्री के नाम फिक्स डिपाजिट किए जाने का आदेश दिया है।

# एनएचआई चेयरमैन भूमि अधिग्रहण के मामले में हलफनामे पर पेश करें ब्यौरा : हाईकोर्ट

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भूमि अधिग्रहण के मामले में दाखिल 72 से अधिक याचिकाओं के मामले में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण केचेयरमैन से काश्तकारों को उपलब्ध कराए गए मुआवजे केसाथ अन्य रिकॉड तलब किया है। हाईकोर्ट ने कहा है कि चेयरमैन को यह रिकॉर्ड अपने व्यक्तिगत हलफनामें दाखिल करना होगा।मामले की सुनवाई मुख्य न्यायमूर्ति राजेश बिंदल और न्यायमूर्ति पियुष अग्रवाल की दो जजों की खंडपीठ कर रही है। मामले में आगरा, मेरठ, मुरादाबाद, वाराणसी, गाजियाबाद, कानपुर, वाराणसी सहित प्रदेश के कई जिलों के काश्तकारों की ओर से अलग-अलग याचिकाओं पर सुनवाइ चल रही है।याचिकाओं में किसी को मुआवजा कम मिला है तो किसी की जमीन ज्यादा अधिग्रहीत कर ली गई है लेकिन उसका मुआवजा नहीं दिया गया। कुछ याचिकाओं में रेवेन्यू रिकॉड में नाम किसी का और मुआवजा किसी और को दे दिया गया। कोर्ट ने अलग-अलग याचिकाओं पर स्थिति जानी।उन्होंने कई मामलों के निस्तारण के लिए स्थानीय स्तर पर नियुक्ति किए गए नोडल अफसर के समक्ष प्रत्यावेदन करें। जबकि, कई मामलों में अधिग्रहीत भूमि और गैर अधिग्रहीत भूमि के बीच चिह्निकरण किए जाने का निर्देश दिया। सुनवाई केदौरान कई याचिकाओं में एनएचआई और जिला प्रशासन की ओर से पूर्व में मांगे गए रिकॉर्ड न उपलब्ध होने पर कोर्ट ने नाराजगी जताई। कोर्ट ने अगली सुनवाई पर सभी रिकार्ड पेश करने को कहा है। अगली सुनवाई छह जनवरी को होगी।

# माघ मेले को स्वच्छ, सकुशल, सुरक्षित दिव्य एवं भव्य रूप से सम्पन्न कराये जाने हेतु सीएम ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

## मेला क्षेत्र में कोविड प्रोटाकॉल का कड़ाई से पालन करने एवं वैक्सीनेशन की व्यवस्था किये जाने के लिए निर्देश

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को आईसीसीसी में माघ मेला-2022 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए माघ मेला को स्वच्छ, सकुशल एवं सुरक्षित तथा दिव्य एवं भव्य रूप से सम्पन्न कराने हेतु सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये है। उन्होंने मेला क्षेत्र में सफाई की व्यवस्था कुम्भ मेले की तर्ज पर कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि बेहतर व्यवस्था के लिए बेहतर संवाद भी सुनिश्चित किया जाये। मुख्यमंत्री जी ने मेला क्षेत्र में आने वाले स्नानार्थियों, श्रद्धालुओं, कल्पवासियों, साधु-महात्माओं के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित रहें, जिससे कि वे सभी अच्छे एवं सकुशल ढंग से स्नान कर सकें। मुख्यमंत्री जी ने मेला क्षेत्र में एलईडी बल्ब की व्यवस्था के साथ-साथ शौचालय, पेयजल तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थायें सुव्यस्थित ढंग से सुनिश्चित किये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने मेला क्षेत्र में निरंतर सर्तकता एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के लिए भी निर्देशित किया है। मेला क्षेत्र में प्लास्टिक का प्रयोग न हो, स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होंने कोविड-19 के प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करते हुए जांच की व्यवस्था सुनिश्चित बनाये रखने के निर्देश दिये है। उन्होंने मेला क्षेत्र में वैक्सीनेशन की भी व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने के लिए कहा है साथ ही साथ अस्पताल एवं एम्बुलेंस की भी व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु निर्देशित किया है। मेला क्षेत्र में आने वाली महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष व्यवस्था किये जाने के साथ-साथ चेंजिंग रूम की भी समुचित व्यवस्था किये जाने के लिए कहा है। पार्किंग स्थल, साइनेज, पीएस सिस्टम सहित अन्य व्यवस्थाएं अच्छे ढंग से सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया है। मेला क्षेत्र में सफाई कर्मियों के लिए अच्छी व्यवस्था तथा उनके साथ सम्मान जनक व्यवहार किया जाये। इस अवसर पर जलशक्ति मंत्री डॉ0 महेन्द्र सिंह, मंत्री श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह, ग्राम विकास मंत्री राजेन्द्र प्रताप सिंह मोती सिंह, मंत्री श्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, सांसद प्रो0 रीता बहुगुणा जोशी, सांसद श्रीमती केशरी देवी पटेल, महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी, भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी, विधायक शहरी उत्तरी डॉ0 हर्ष वर्धन वाजपेयी, विधायक मेजा श्रीमती नीलम करवरिया ने भी मेला को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए अपने विचार व्यक्त किये। इसके पूर्व मण्डलायुक्त संजय गोयल, जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री, मेलाधिकारी श्री शेषमणि पाण्डेय, डीआईजी/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी, एस0पी0 मेला ने मेले की तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। इस अवसर पर अन्य जनप्रतिनिधिगणों के अलावा अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहें। बैठक के पूर्व मुख्यमंत्री जी ने संगम नोज जाकर मां गंगा की पूजा एवं आरती की तथा मां गंगा का आचमन भी किया एवं बड़े हनुमान जी जाकर दर्शन-पूजन किया।


अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री


संगम क्षेत्र का भ्रमण करते योगी आदित्यनाथ

# नशा मुक्ति अभियान व कंबल वितरण समारोह संपन्न

अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** शनिवार को विकास खंड उरुवा के जेवनिया गांव मे जिला अपराध निरोधक समिति द्वारा नशा मुक्ति अभियान व कंबल वितरण का आयोजन किया गया। गौरतलब हो कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला अपराध निरोधक समिति के यमुनापार प्रभारी व अधिवक्ता अभिषेक तिवारी उर्फ टिंकू के द्वारा कंबल वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महेश चंद्र चतुर्वेदी अपर महाधिवक्ता उच्च न्यायालय प्रयागराज रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर गिरीश चंद्र त्रिपाठी पूर्व कुलपति काशी हिंदू विश्वविद्यालय व अध्यक्ष उच्च शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश ने किया। मंच पर राकेश द्विवेदी उप श्रमायुक्त प्रयागराज परिक्षेत्र, डॉक्टर अखिलेश मिश्र अध्यक्ष बाल कल्याण समिति प्रयागराज, गगन यादव जिला निषेध अधिकारी प्रयागराज सहित दर्जनों पदाधिकारी मंचासीन रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नशा मुक्ति अभियान की शुरूआत व क्षेत्र के गरीबों को ठंड से बचाने को लेकर कंबल वितरण था। मुख्य अतिथ ने कहा कि सच्ची मानव सेवा ही ईश्वर सेवा है। समाजसेवी अभिषेक तिवारी का यह कदम सराहनीय है। श्री चतुर्वेदी ने आगे कहा कि नशा मुक्ति अभियान में युवा आगे आएं एवं समाज को नशा से मुक्ति दिलाने का प्रयास करें। समाजसेवी एवं जिला अपराध निरोधक समिति प्रभारी यमुना पार अभिषेक तिवारी उर्फ टिंकू ने कहा कि हमारे देश का उज्जल भविष्य युवाओं पर टिका होता है। अगर देश की युवा पीढ़ी ही नशे की आदत पकड़कर गलत रास्ते में जाने लगे तो निश्चित ही उनका भविष्य अंधकार की ओर चला जाता है। इसलिए नशा मुक्ति अभियान से जुड़कर नशे का त्याग करें और लोगों को नशा से मुक्ति दिलाने का प्रयास करें। नशे से जन और धन दोनों की हानि होती है। नशा नही समाज को बदलने का नशा करे। कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों का जिला अपराध निरोधक समिति प्रयागराज व यमुनापार इकाई ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में आए सैकड़ों जरूरतमंदों को कंबल दिया गया। अंत में मंचासीन अतिथियों का जेवनिया के पूर्व प्रधान रुचि तिवारी व अभिषेक तिवारी ने पुष्पगुच्छ, स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्रम पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में तिवारी बंधुओं के द्वारा स्वागत गीत गाकर सब का अभिनंदन किया गया। हास्य कवि अशोक बेशरम ने अपने कला को प्रस्तुत किया। मंच का संचालन शिक्षक मनीष तिवारी व अनिल शुक्ला ने किया। इस मौके पर लाला राम सहायक उप श्रम आयुक्त, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मेजा गंगा प्रसाद मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि उरुवा भोला गौतम, भारतीय खाद्य निगम के सदस्य डॉ चन्द्रमोहन सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी इंजीनियर नित्यानंद उपाध्याय, समाजसेवी सिद्धांत तिवारी, ओपी पांडेय, रिंकू ओझा, अमरेश तिवारी, कमलेश पांडे, हिंछलाल पांडे, विकास तिवारी, पुष्कर तिवारी, विनोद मिश्रा, टुनटुन तिवारी, राजू पांडे, नीरज द्विवेदी, नीरज सिंह यादव, केशव प्रधान, प्रेमचंद यादव, योगेश सिंह सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**जिला अपराध निरोधक समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम**



जिला अपराध निरोधक समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में समिति के अधिकारी पुरस्कृत करते

# कितने ऐसे स्कूल जहां नहीं पढ़ रहा एक भी बच्चा

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि प्रदेश में कितने ऐसे प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय हैं, जिनमें छात्र संख्या शून्य है। यानी जहां एक भी छात्र नहीं हैं। इसी के साथ कोर्ट ने परिषदीय विद्यालयों की खस्ता हालत और शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर भी सरकार से जानकारी मांगी है। यह आदेश मुख्य न्यायमूर्ति राजेश बिंदल एवं न्यायमूर्ति पीयूष अग्रवाल की खंडपीठ ने नंदलाल की जनहित याचिका पर याची के अधिवक्ता महेंद्र कुमार शुक्ल को सुनकर दिया है। याचिका में प्रयागराज के दारागंज स्थित उच्च प्राथमिक और प्राथमिक विद्यालय सहित कई विद्यालयों का मामला उठाया गया है। अधिवक्ता महेंद्र कुमार शुक्ल ने खंड शिक्षा अधिकारी नगर की एक जांच रिपोर्ट का हवाला संलग्न करते हुए कोर्ट को बताया कि पूर्व माध्यमिक विद्यालय में वर्तमान में एक भी छात्र नहीं है और ऐसा अध्यापकों व शिक्षा विभाग की लापरवाही के कारण है। इसी प्रकार अन्य विद्यालयों में शिक्षा का स्तर काफी खराब है। याचिका में कहा गया है कि खंड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र की जांच में यह तथ्य सामने आया है कि कई अध्यापकों को कक्षा चार स्तर की भी अंग्रेजी नहीं आती है। हिंदी भी शुद्ध नहीं है और एक विद्यालय की साइंस की अध्यापिका को बाक्साइट का फामूर्ला तक नहीं पता है। कई शिक्षकों ने कोई भी शैक्षणिक कार्य नहीं किया है।नगर के एक विद्यालय के अध्यापक पर कंपोजिट ग्रांट के 50 हजार रुपये के गबन का आरोप है। एक अन्य अध्यापिका पर भी 25 हजार रुपये के गबन का आरोप है। पुस्तकें क्रय करने के लिए जारी धनराशि के दुरुपयोग का भी आरोप है। जबकि कई विद्यालय ऐसे सामने आए हैं जिनमें मिड डे मील नहीं बनता या बेहद घाटिया क्वालिटी का बनता है। याची का कहना है कि खराब शैक्षणिक स्तर और विद्यालयों की खस्ता हालत के कारण अभिभावक अपने बच्चों को परिषदीय विद्यालयों में नहीं भेज रहे हैं जिससे छात्र संख्या शून्य हो गई है। कोर्ट ने इस स्थिति पर नाराजगी जताते हुए राज्य सरकार से पूछा है कि पूरे प्रदेश में कितने ऐसे विद्यालय हैं, जिनमें छात्र संख्या शून्य है।

### हाईकोर्ट ने यूपी सरकार से मांगी जानकारी

# तीन दिनों के अतिक्रमण विरोधी अभियान से सड़कें हुई चौड़ी

## पांच गुमटियां उठा ले गये नगर पालिका कर्मी, एक हजार जुमार्ना

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका द्वारा विगत तीन दिनों से चलाये गये अतिक्रमण विरोधी अभियान से कचहरी के आसपास की सड़कें चौड़ी दिखाई पड़ने लगी है। शनिवार को अम्बेडकर चौराहे से लोक निर्माण विभाग कार्यालय, टेज्जरी चौराहा, पुलिस लाइन का गेट व कम्पनी गार्डेन के सामने से गाय घाय की रोड तक सड़क के किनारे की गुमटियां हट गई हैं।

शुक्रवार को नगर पालिका द्वारा दी गई चेतावनी से ज्यादातर गुमटियां तो हटा ली गई थी, लेकिन जो गुमटियां बची थीं, उन गुमटियों को नगर पालिका कर्मी कम्पनी गार्डेन उठा ले गये तथा एक हजार रुपये का जुमार्ना भी ठोंका गया है। यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह ने बताया कि अतिक्रमण विरोधी अभियान में कुछ लोगों को आपत्ति भले हो लेकिन सड़कों को साफ-सुथरा करने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया गया है। इस अतिक्रमण विरोधी अभियान में अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह के अलावा स्वच्छ भारत मिशन के वरुण सिंह व आशीष मिश्रा, आरआई लाल बहादुर सिंह व राजेश बिंद, सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, प्रशांत सिंह, मिथिलेश सिंह, दहिलामऊ के चौकी प्रभारी मिथिलेश चौरसिया के अलावा नगर पालिका के जेसीबी, ट्रैक्टर व रोड गैंग के कर्मचारी थे।



व्यापारियों को समझाते नगर पालिका के ईओ मुदित सिंह

### जिला जज व अधिवक्ताओं ने दीवानी में लगाई झाड़ू

**प्रतापगढ़।** उच्च न्यायालय इलाहाबाद के चीफ जस्टिस रविवार को जजेज कालोनी का उद्घाटन करने के लिये प्रतापगढ़ आ रहे हैं। इसको लेकर शनिवार को जिला जज तथा अधिवक्ता संगठनों के पदाधिकारीगण ने मिलकर दीवानी परिसर में झाड़ू लगाया। बता दें कि चीफ जस्टिस की निगाह कहीं गंदगी पर न पडे, इसका ध्यान रखते हुए आज अधिवक्ता और जिला न्यायाधीश को खुद झाड़ू उठाना पड़ा।

# सीआईटी समेत तीन टीटीई का बैग ट्रेन से चोरी

## मुरादाबाद स्टेशन की घटना, बैग में थे कागज पत्र

### पैसे की लालच में एसी फर्स्ट कोच में उचक्कों ने दिया अंजाम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** ट्रेनों के एसी कोच में चोर सेंध लगाने से नहीं चूकते हैं। दिल्ली से प्रतापगढ़ आ रही पद्मावत एक्सप्रेस के फर्स्ट एसी कोच में चोरों ने तीन टीटीई का बैग ही उड़ा दिया। हालांकि बैग में नकदी नहीं थी। लेकिन जरूरी कागजात थे। इस घटना से ट्रेन में चल रहे पुलिस स्कोर्ट पर सवाल उठ रहे हैं। जीआरपी में इसकी तहरीर दी गई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

शुक्रवार को दिल्ली से प्रतापगढ़ आ रही ट्रेन में प्रतापगढ़ के सीआईटी राकेश सिंह, टीटीई शफीक और संजीव शर्मा टिकट चेकिंग की ड्यूटी पर थे। मुरादाबाद स्टेशन के बाद जब वे अपनी सीट पर गये तो तीनों का बैग नहीं था। किसी ने गायब कर दिया था। उन्होंने कोच में पड़ताल की। यात्रियों से भी पूछा। लेकिन कोई भी बैग के बारे में बता नहीं सका। स्कोर्ट कर रही जीआरपी को इसकी जानकारी दी। सीआईटी राकेश सिंह ने कंट्रोल को सूचित किया। शनिवार ट्रेन को प्रतापगढ़ आने के बाद तीनों चेकिंग स्टाफ ने घटना के संबंध में जीआरपी थाने में तहरीर दी। पुलिस के अनुसार तीनों टीटीई का बैग मुरादाबाद के पहले सीट पर था। ऐसा उन्होंने बताया है। एसओ ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज हुई है। जांच की जा रही है। खास बात यह है कि एसी कोच में जब टीटीई के बैग चोरी हो जा रहें है तो यात्रियों के कैसे बचेंगें। यह सोचने वाली बात है। चोरों ने समझा कि बैग में पैसा है। यही सोचकर चोरी किये। बताया जाता है कि उसमें विभाग से संबंधित कागजात थे।

### बीबीएफजी का सम्मान समारोह 20 दिसंबर को

**प्रतापगढ़।** जिला बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में अव्वल आये सदर ब्लाक के खिलाड़ियों को बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी की तरफ से 20 दिसंबर को सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक राजकुमार पाल होंगे। कार्यक्रम हैप्पी टाइम्स प्ले स्कूल सियाराम कालोनी में होगा।

# दारुल उलूम गुलशने मदीना में मना अल्संख्यक अधिकार दिवस

## छात्र-छात्राओं को दी गई योजनाओं की जानकारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मदरसा दारुल उलूम गुलशने मदीना, पल्टन बाजार में शनिवार को अल्पसंख्यक अधिकार दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए हजरत मौलाना मुख्तार अहमद हबीबी ने कहा कि हर साल भारत में अल्पसंख्यक अधिकार दिवस 18 दिसंबर को राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग द्वारा मनाया जाता है। इस दौरान उन्होंने छात्र-छात्राओं को अल्पसंख्यक विभाग द्वारा जारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकारों का प्रचार करने के लिए यह दिन मनाया जाता है। इस दौरान मौलाना अनीस ने कहा कि अल्पसंख्यकों के लिये अल्पसंख्यक आयोग व तमाम संस्थाएं अलग-अलग कार्यक्रम करती हैं। मौलाना सलीम ने कहा कि इस दिन अल्पसंख्यक लोगों को कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाती है। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक विभाग की योजनाओं का सभी को पालन करना चाहिये। इस मौके पर मौलाना रेहान, मौलाना एजाज, मौलाना इरशाद, हाफिज दाऊद, मौलाना समीउल्ला, कदीम अहमद, रिजवान अहमद, हुशनुमा अफरोज, रुखसाना बानो, जीनत अंजुम समेत मदरसा के सभी शिक्षक-शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे।



अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर जानकारी देते शिक्षक

# दौड़ में पुरुष वर्ग में सूरज चौधरी व महिला वर्ग में शिवानी रही अव्वल

## पी0बी0पी0जी0 में वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता का हुआ समापन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रताप बहादुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्रतापगढ़ सिटी के क्रीडा प्रांगण में दो दिवसीय वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता का समापन शनिवार को प्राचार्य डॉ0 बृजभानु सिंह की अध्यक्षता में किया गया। समापन करते हुए डॉ0 सिंह ने कहा कि बालक के सर्वांगीण विकास की प्रक्रिया में खेल-कूद एक महत्वपूर्ण कणी के रूप में विद्यमान रहता है। जो बालक के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य का सम्वर्धन निरन्तर करता रहता है। साथ ही साथ खेल से आपसी सौहार्द एवं प्रेम की भावना का भी विकास होता है।

उन्होंने कहा कि हमारा महाविद्यालय बालकों में सृजनात्मक, प्रतिस्पर्धात्मक, प्रतियोगात्मक क्षमता के विकास हेतु सतत एवं निरन्तर प्रयत्नशील रहता है और विजेता छात्र/छात्राओं को पुरस्कृत कर खेल के प्रति अभिप्रेरित करने का कार्य करता रहता है। क्रीड़ा परिषद के संयोजक डॉ0 उपेन्द्र कुमार सिंह नें कहा कि खेल-कूद प्रतियोगिता में 5000 मी0 दौड़ में पुरुष वर्ग में सूरज चौधरी बी0ए0-2 प्रथम, अनुराग मौर्य बी0एस0सी0-1 द्वितीय तथा सचिन सरोज बी0ए0-1 तृतीय स्थान तथा महिला वर्ग में शिवानी साहू बी0ए0-1 प्रथम स्थान, ज्योति पटेल बी0एस0सी0-1 प्रथम स्थान और रिया यादव बी0ए0-1 तृतीय स्थान प्राप्त किया है। 1500 मी0 दौड प्रतियोगिता में सूरज चैधरी बी0ए0-2 प्रथम, मो0अजमल बी0एस0सी0-1 द्वितीय स्थान तथा अनुराग मौर्य बी0एस0सी0-1 तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा महिला वर्ग में शिवानी साहू बी0ए0-1 प्रथम स्थान, अंजली बाला बी0ए0-भाग तीन द्वितीय स्थान और श्वेता बौद्व बी0ए0-1 तृतीय स्थान प्राप्त कर विजेता रही। इस अवसर पर डॉ0 के0के0 सिंह, डॉ0 सी0पी0 पाण्डेय, श्रद्धा श्रीवास्तव, निहारिका श्रीवास्तव, डॉ0 धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ0 शिव प्रताप सिंह, डॉ0 भूपाल सिंह, डॉ0 शिव कुमार सिंह, अवनीश कुमार सिंह, अजय कुमार सिंह, डॉ0 राकेश सिंह, डॉ0 कुलदीप सिंह, डॉ0 नीरज कुमार त्रिपाठी, जितेन्द्र कुमार सैनी, डॉ0 प्रीति श्रीवास्तव, डॉ0 बृजेश सिंह, डॉ0 रेनू सिंह, डॉ0 भावना सिंह, पवन कुमार सिंह, श्रीमती रेनू सिंह, मधु श्रीवास्तव, चन्द्रमा सिंह, प्राची भट्ट, स्मिता मिश्रा, रमेश मौर्या, आशीष कुमार मालवीय, श्री संतोष सिंह, दिनेश शर्मा, बालेन्दु भूषण सिंह, श्री संदीप मौर्य, विनोद मौर्या, प्रमोद मौर्य, नन्हे मौर्य, महताब, पवन शुक्ला तथा तकनीकी सहायक के रूप में संकल्प कुमार सिंह, आदि लोग उपस्थित रहे। यह जानकारी महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं मीडिया प्रभारी डॉ0 धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने दी।



खेलकूद प्रतियोगिता में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते प्राचार्य डा0 बृजभानु सिंह

## मेधा शक्ति के बूते भारत का है दुनिया मे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनः प्रमोद तिवारी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रानीगंज कैथौला स्थित सरदार पटेल इण्टर कालेज तथा बालिका इण्टर कालेज एवं कान्वेंट स्कूल के तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव एवं क्रीड़ा प्रतियोगिता का शनिवार को समारोहपूर्वक समापन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ केन्द्रीय कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। विद्यालय की छात्राओं खुशी मौर्य, प्राची तिवारी, मुस्कान सरोज व रीनू तिवारी ने सरस्वती वंदना तथा स्वागत गान की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। बतौर मुख्य अतिथि सीडब्ल्यूसी मेंबर प्रमोद तिवारी ने कहा कि मेधा की शक्ति की बदौलत ही आज भारत दुनिया मे ज्ञान और विज्ञान के क्षेत्र मे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहा है। उन्होनें कहा कि भारत का ज्ञान और मिलीजुली संस्कृति की ताकत ही है कि हम आज धरती से अंतरिक्ष तक हर मुकाम पर सफलता के कदम बढ़ा सकने मे समर्थ है। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख अमित सिंह, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, ददन सिंह, भगवती प्रसाद तिवारी, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, कुंवर ज्ञानेन्द्र सिंह, महादेव मिश्र बम-बम, हरिपाल ओझा, लल्लन सिंह, छोटे लाल सरोज, पप्पू तिवारी, संगीताचार्य राजहंस शुक्ल, हरिश्चंद्र विश्वकर्मा, आदित्य तिवारी, भूपेन्द्र तिवारी, शास्त्री सौरभ, राकेश त्रिपाठी आदि रहे।

# आज कांधरपुर में जनसभ को सम्बोधित करेंगे हार्दिक पटेल

### प्रियंका गांधी के लड़की हूं, लड़ सकती हूं स्लोगन का भी करेंगे लांचिंग

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता में जिलाध्यक्ष डा0 लालजी त्रिपाठी ने कहा कि रविवार को दिन में बारह बजे गुजरात प्रदेश के कार्यवाहक अध्यक्ष हार्दिक पटेल मंगरौरा ब्लाक के कांधरपुर मेला मैदान में कांग्रेस प्रत्याशी डा0 नीरज त्रिपाठी के समर्थन में एक बड़ी सभा को सम्बोधित करेंगे तथा राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी के लड़की हूं, लड़ सकती हूं स्लोगन की लांचिंग भी हार्दिक पटेल करेंगे। इसके लिये एक हजार महिलाओं को सभा में भेजने की योजना बनाई गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हार्दिक पटेल की जनसभा को किसान महापंचायत का रुप देने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों को दबाने के लिये हर हथकण्डे अपनाए लेकिन किसानों को अपार समर्थन से सरकार को झुकना पड़ा। कांग्रेस प्रत्याशी डा0 नीरज त्रिपाठी ने कहा कि कार्यक्रम की सफलता के लिये सभी प्रयास किये जा रहे हैं। डा0 त्रिपाठी ने कहा कि प्रदेश के लखीमपुर खीरी की घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया है, फिर भी आरोपी के पिता मंत्री के खिलाफ अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। इसको कांग्रेस मुद्दा बनाएगी। पत्रकारवार्ता में शहर अध्यक्ष इरफान अली, जिला उपाध्यक्ष वीके सिंह, मीडिया प्रभारी वेदान्त तिवारी भी मौजूद रहे।



प्रेसवार्ता में बोलते कांग्रेस जिलाध्यक्ष लालजी त्रिपाठी

## 25 तक पूरी कर लें संघ की सदस्यता

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष रमाशंकर शुक्ल ने विकास खंडों के अध्यक्ष, मंत्रियों की बैठक में कहा है कि विकास खंड स्तर पर 25 दिसंबर तक संघ की सदस्यता पूर्ण कर जनपद स्तर पर 28 दिसंबर को रसीद की प्रतिपण एवं सदस्यों की सूची उपलब्ध करा दें। जिससे प्रांतीय अध्यक्ष को सूची प्रेषित की जा सके। कार्य अति महत्वपूर्ण हैं इसमें किसी प्रकार की हीला हवाली ना की जाए बैठक में जिला मंत्री विनय कुमार सिंह एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश पांडे एवं मांडलिक मंत्री अनिल पांडे तथा विभिन्न विकास खंडों के अध्यक्ष मंत्री गण उपस्थित रहे।

# इलाज के दौरान घायल युवक की मौत, आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** ट्रक की टक्कर से दुर्घटना मे घायल बाइक सवार युवक की इलाज के दौरान मौत हो गयी। युवक की मौत की जानकारी होते ही परिजनों मे कोहराम मच गया। कोतवाली के बलीपुर निवासी शिव कुमार सरोज पुत्र गुरूप्रसाद ने दी गई तहरीर मे कहा है कि उसका भतीजा अमित कुमार सरोज शुक्रवार को बाइक से एक साथी के साथ अमांवा जा रहा था। सांगीपुर रोड पर गोसांई का पुरवा के समीप सामने से आ रही ट्रक ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना मे घायल अमित को लालगंज सीएचसी इलाज के लिए लाया गया था। हालत गंभीर होने पर उसे प्रतापगढ़ मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। हालांकि परिजन उसे जिला मुख्यालय के एक निजी अस्पताल ले गये। वहां इलाज के दौरान शुक्रवार की रात युवक की मौत हो गयी। इसके बाद परिजन मृतक का शव लेकर घर आ गये। घटना को लेकर मृतक के चाचा शिवकुमार सरोज ने ट्रक चालक के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। तहरीर के आधार पर ट्रक चालक के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने व गैरइरादतन हत्या का पुलिस ने केस दर्ज किया है। वहीं पुलिस ने शनिवार को मृतक के शव का पंचनामा कर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया है। युवक की मौत से परिजनों मे कोहराम मच गया।

## सभासद के भाई किराना व्यवसायी के साथ दो लाख की लूट

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** थाना कोतवाली नगर में पट्टी से चिलबिला रोड़ पर महुली बाजार में शाम को तमंचे की नोंक पर किराने की दुकान पर दो लाख की लूट हुई। बाइक पर सवार तीन अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने महुली बाजार में लूट की घटना को अंजाम देकर फरार हो गये। इस घटना से महुली बाजार में अफरातफरा मच गई। सूचना पर पहुँची पुलिस घटना की गहनता से छानबीन करने में जुट गई है। सीओ सिटी अभय पाण्डेय और नगर कोतवाल रविन्द्र राय भी मौके पर पहुँच कर किराना ब्यापारी से पूंछतांछ की। लूट की घटना महुली सभासद दीपक उमरवैश्य के परिवार के साथ हुई है। महुली बाजार में किराना व्यापारी रूपेश कुमार उमरवैश्य पुत्र जीतलाल उमरवैश्य बड़े किराना ब्यापारियों में से एक हैं। लूट की यह घटना रामजानकी मंदिर के पास की है। घटना को अंजाम देकर बेखौफ बदमाश पट्टी रोड़ की तरफ भाग निकले। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## दुर्घटना में महिला की मौत पर आक्रोश, नेशनल हाइवे पर लगाया जाम

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** दुर्घटना मे महिला की मौत को लेकर आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों ने शनिवार की सुबह नेशनल हाइवे पर जाम लगा दिया। जाम के चलते लगभग पौन घंटे प्रतापगढ़ लालगंज नेशनल हाइवे पर यातायात बाधित हो उठा। सूचना मिलने पर कोतवाल कमलेश पाल मौके पर पहुंचे व परिजनो व ग्रामीणों को समझा बुझाकर जाम शांत कराया। शुक्रवार को करीब पौने बारह बजे पतुलकी निवासी शिवदर्शन यादव की पत्नी शकुंतला 42 की टैज्क्टर व बाइक की टक्कर मे मौत हो गयी थी। पुलिस ने शव पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया था। देर रात मृतका का शव परिजन उसके मायके स्थानीय कोतवाली के धधुआगाजन ले आये। इधर पुलिस ने मृतका के भाई अजय कुमार यादव की तहरीर पर टैज्क्टर के अज्ञात चालक के खिलाफ शुक्रवार की रात ही गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज कर लिया। शनिवार की सुबह परिजन पुलिस से नामजद आरोपी की तहरीर पर केस लिखने की जिद करने लगे। पुलिस के समझाने बुझाने के बावजूद आक्रोशित परिजनो व ग्रामीणों ने धधुआगाजन के समीप हाइवे पर जाम लगा दिया। कोतवाल कमलेश पाल ने परिजनो को भरोसा दिलाया कि विवेचना मे आरोपी का नाम प्रकाश मे लाकर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद लोगों का गुस्सा शांत हो सका। दोपहर परिजन शव को लेकर अंतिम संस्कार के लिए रवाना हुए।

### जमीनी रंजिश में युवक को पीटकर किया जख्मी

**पट्टी, प्रतापगढ़।** जमीनी विवाद में एक युवक को पड़ोसियों ने पीटकर जख्मी कर दिया पीड़ित ने इस संबंध में आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के नादी गांव के रहने वाले राम मिलन पटेल ने पट्टी कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार को जमीनी रंजिश को लेकर चार लोगों ने पीड़ित को पीटकर जख्मी कर दिया पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस से संबंधित संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया।



विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते डा0 केएन ओझा

# प्रभात एकेडमी में लगी विज्ञान प्रदर्शनी, डा0 केएन ओझा ने किया उद्घाटन

**अखंड भारत संदेश**

प्रतापगढ़। नगर क्षेत्र के अष्टभुजा नगर स्थित प्रभात एकेडमी में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। उक्त प्रदर्शनी का उद्घाटन डॉ. के.एन ओझा ने किया। विद्यालय में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में केजी से लेकर कक्षा 11 तक के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता निभाई। विद्यार्थियों ने वर्किंग एवं नान वर्किंग मॉडल तैयार किया। अतिथियों ने बच्चों के प्रयासों व उनके कौशल को देख गदगद हुए और सराहा।

इस मौके पर उपस्थित बतौर मुख्य अतिथि डॉ.केएन ओझा ने कहा कि हमारी शिक्षा ऐसी होनी चाहिए कि हमारे बाल वैज्ञानिक स्वाभाविक जिज्ञासु, रचनात्मक, नवाचारी, आविष्कार शील बनें। उन्होंने कहा कि बच्चों को विश्लेषण करने में सक्षम होना चाहिए कि विज्ञान और तकनीक का हमारी संस्कृति और समाज पर क्या क्या प्रभाव पड़ता है। पूजा सिंह, अर्पणा, पूनम, अंजू, अंकिता, सारा एवं रेखा दूबे की देखरेख में बच्चों ने विभिन्न तरह के मॉडल तैयार किया। अंत में विद्यालय के प्रबंधक डॉ. प्रभात शर्मा ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर समरजीत सिंह, संतोष, आशीष, यू यस मिश्रा, इरफान आदि रहे।

## खबर संक्षेप

### यमुना नदी में गिरा अधेड़, मौत

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के सेवढा यमुना नदी के घाट में पानी पीने उतरा एक अधेड़ का पैर यमुना नदी में फिसल जाने से वह नदी में गिर गया है अधेड़ को नदी में गिरते देख कर आसपास मौजूद लोगों ने उसे बाहर निकाल लिया है लेकिन पेट में पानी अधिक चला जाने से अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई है मामले की सूचना ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस को दिया है खबर लिखे जाने तक मृतक युवक का नाम पता नहीं मिल सका है।

### हत्या का वांछित अभियुक्त किया गया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना पिपरी पुलिस प्रभारी निरीक्षक आदित्य कुमार सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा हत्या के वांछित अभियुक्त दशरथ पाल पुत्र राजापाल उर्फ राजाराम पाल निवासी ग्राम आलमपुर थाना पिपरी को मुखबिर की सूचना पर औहर अली का पूरवा पुलिया के पास से अभियुक्त को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष भेज दिया है।

# तीन दर्जन यात्रियों को मौत के मुंह में धकेल चलती बस से कूदा चालक

## तीन दर्जन यात्रियों को मौत के मुंह में धकेल कर चलती बस से कूदा चालक, प्राइवेट बस में सवार 40 यात्री लहूलुहान आधा दर्जन की हालत गंभीर

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** अवैध डग्गामार बसों का संचालन परिवहन विभाग यातायात पुलिस और थाना पुलिस के संरक्षण में हो रहा है इन बस चालको के कारनामों से आए दिन हादसे होते हैं और हादसे के चलते तमाम जिंदगी हादसे की शिकार हो जाती है कुछ लोगों की मौत हो जाती है कुछ लोग अस्पताल में जीवन और मौत से जूझते हैं और तमाम लोग पूरी जिंदगी के लिए अपाहिज हो जाते हैं लेकिन इन घटनाओं के बाद भी पुलिस आला अधिकारी जिला प्रशासन और नेता मंत्री दुष्ट ड्राइवरों के प्रति कार्यवाही करने का थानेदारों पर दबाव बनाने के बजाय मामले को ठंडे बस्ते में डाल देते हैं जिससे दूसरे ड्राइवरों के हौसले बुलंद हैं और आए दिन हादसे होते हैं महेवा घाट मंझनपुर से इलाहाबाद सड़क पर चलती बस से कूद जाने से कई हादसे पूर्व में हो चुके हैं सिराथू करारी से बेनीराम कटरा होते हुए इलाहाबाद रोड पर चलने वाली प्राइवेट बसों के चालकों के चलती बस से कूद जाने से पहले कई हादसे हो चुके हैं शनिवार को फिर सराय अकिल थाना क्षेत्र के जयन्तीपुर के पास एक प्राइवेट बस में 40 सवारियों को लेकर जा रहा बस चालक चलती बस से कूदकर फरार हो गया है जिससे सवारियों से भरी बस सड़क पर पलट गई है बस पलट जाने से बस में सवार 40 सवारियां घायल हो गई हैं बस की खिड़की सीसे दरवाजे तोड़कर घायल यात्रियों को बस से बाहर निकाला गया है हादसे में घायल यात्रियों को इलाज के लिए निजी नर्सिंग होम स्थानीय सीएचसी और जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां कई घायलों की हालत गंभीर है आखिर बस से कूदकर फरार होने वाले चालक पर हत्या का मुकदमा दर्ज करने और बस मालिक पर हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की कोशिश थाना पुलिस ने क्यों नहीं शुरू की है यह चालक नियमावली में कहां लिखा है कि चलती बस में चालक गाड़ी से कूदकर फरार हो जाएगा और उस पर दुर्घटना का मुकदमा दर्ज होगा। बस हादसे में घायलों में मीना देवी उम्र 35 वर्ष पत्नी बलराम निवासी बदलेपुर थाना कोखराज मोबीन अहमद उम्र 50 वर्ष पुत्र रज्जाक हुसैन निवासी बरई बंधवा थाना करारी दिव्यांशु कुमार उम्र 16 वर्ष पुत्र सुशील कुमार निवासी फरीदपुर सवरो थाना करारी महेश कुमार उम्र 35 वर्ष पुत्र दौलत राम निवासी महेंद्र थाना करारी कृष्णकांत उम्र 16 वर्ष पुत्र अमरेश कुमार निवासी फरीदपुर सवरो थाना करारी भग्गन उम्र 55 वर्ष पुत्र संपत्ति निवासी कटरा राक्सवारा थाना करारी और राम यस उम्र 54 वर्ष पुत्र पूनी निवासी हकीम जी का पूरा राक्सवारा थाना करारी और गुल्फसा उम्र 35 वर्ष पत्नी बबलू हिसामपुर थाना करारी सहित तमाम बस यात्री घायल है जिनका इलाज विभिन्न अस्पतालों में चल रहा है।



हादसे के बाद घटनास्थल पर जुटी ग्रामीणों की भीड़

### एक विधायक के जेल में बंद बाहुबली पति के संरक्षण में चल रहे अवैध बसे

**कौशाम्बी।** सिराथू से मंझनपुर करारी बेनीराम कटरा होते हुए इलाहाबाद तक चलने वाली प्राइवेट बसें एक विधायक के जेल में बंद बाहुबली पति के संरक्षण में अवैध तरीके से चल रही हैं बाहुबली के दबाव में एआरटीओ पुलिस और यातायात पुलिस इन पर कारवाई करने का साहस नहीं कर पाती है जिससे अवैध बसों की जांच नहीं होती है प्रत्येक चौराहे और कस्बों के डामर सड़कों पर खड़े होकर के प्राइबेट बस चालक सवारी भरते उतारते हैं गलत तरीके से चलने वाली इन बसों पर यदि जांच कराई जाए तो आधे से अधिक बसों का संचालन बंद हो सकता है लेकिन योगीराज में यातायात पुलिस परिवहन अधिकारी और थाना पुलिस अवैध बसों के संचालन की जांच करने की हिम्मत नहीं कर पा रही है आवाज दो बसों के संचालन में थाना पुलिस और परिवहन अधिकारियों पर अवैध वसूली का भी लगातार आरोप लगता रहा है।

### यात्रियों का नहीं बनाते टिकट जिससे हादसे के बाद नहीं मिलती डिटेल

**कौशांबी।** जिले के सिराथू से इलाहाबाद कौशांबी थाने से इलाहाबाद और महेवा घाट से इलाहाबाद तक चलने वाली प्राइवेट बसों में यात्रियों को टिकट नहीं बनाया जाता है बस में सवारी के चढ़ते ही उनसे मनमानी किराए की वसूली परिचालक द्वारा कर ली जाती है जिससे बस हादसों के बाद इस बात की पुष्टि करना बड़ा कठिन होता है कि इस वर्ष में कितनी सवारियां सवार थी और हादसे की शिकार कितनी सवारियां हुई है इतना ही नहीं बस चालक और परिचालक के पास परिवहन विभाग से रजिस्ट्रेशन नहीं होता है बस चालक और परिचालक वर्दी में नहीं होते हैं तमाम तरह के गुनाह के बाद भी प्राइवेट बसें स्थानीय थाना पुलिस चौकी पुलिस यातायात पुलिस और एआरटीओ कार्यालय के संरक्षण में अवैध तरीके से फरार्टा भर रही हैं अवैध बसों से थाना पुलिस चौकी पुलिस यातायात पुलिस और एआरटीओ कार्यालय की मोटी कमाई हो रही है जिससे अवैध बसों के संचालन पर रोक लगाने की बात करने वाले लोग थाना पुलिस और यातायात पुलिस के नजर में दुश्मन माने जाते हैं।

# संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटकता मिला शव

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के सांखा गांव के बाग में एक युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका शव मिला है ।सूचना पर सैनी कोतवाली पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। जानकारी के अनुसार पैंसा थाना क्षेत्र के थोन गांव निवासी शमशेर अली उम्र तकरीबन 40 वर्ष पुत्र लाल मोहम्मद का शव बरीपुर सांखा गांव के बाग में पेड़ से लटकता हुआ शव मिला है ग्रामीणों की सूचना पर सैनी कोतवाली पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजकर कार्रवाई में जुट गई है क्षेत्रीय पुलिसकर्मियों ने बताया मृतक के भाई द्वारा आत्महत्या की दी गयी तहरीर पर अग्रिम कार्रवाई की जा रही ।वहीं प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार हत्या से इनकार नही किया जा सकता युवक के जेब से ड्राइविंग लाइसेंस मिला है युवक भिलाई छत्तीसगढ़ में रहकर ड्राइविंग करता था।



पेड़ से लटकता हुआ युवक की लाश

### सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते चार अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना सराय अकिल पुलिस द्वारा चार अभियुक्तों हुमाम पुत्र असफाक अफ्फान पुत्र अब्दुल मन्नान देवी दयाल पुत्र नन्हकू बेली पुत्र सुन्दर लाल निवासीगण घोशिया थाना सराय अकिल को सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 52 अदद तास के पत्ते व 2400 रुपए मालफड तथा जमातलासी के दौरान 1700 रुपए बरामद कर कार्यवाही की गई।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना सराय अकिल पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त पंधू निषाद पुत्र हिरालाल उर्फ मुखिया निवासी मल्लीपुर थाना सराय अकिल को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है इसी प्रकार थाना मोहब्बतपुर पाइंस पुलिस बल द्वारा वाछित अभियुक्त महेश पुत्र स्व० जगेसर निवासी बेडियन का पुरवा मजरा कैमा थाना मोहब्बतपुर पइन्सा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# वाहनों का काफिला असलहों की फौज समर्थकों की भीड़ के बीच कौन कर सकता है विधायक पर हमले की जुर्रत

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** चायल विधायक संजय गुप्ता पर 2 दिनों पूर्व प्राणघातक हमला करने का प्रयास किया गया है इस हमले में वह अपने समर्थकों समेत बाल बाल बच गए हैं मामले में पूरामुफ़्ती थाने में चायल विधायक द्वारा मुकदमा लिखाया गया है अब सवाल उठता है कि बेहद सरल स्वभाव के बेदाग छवि के बेबाक विधायक संजय गुप्ता पर हमला करने की जुर्रत किसने की है राजनीतिक सफर के पहले विधायक संजय गुप्ता का जीवन का अध्ययन करें तो उनकी किसी से दुश्मनी नहीं थी बेहद ईमानदार सरल स्वभाव लोगों के बीच व्यवहार कुशल संजय गुप्ता निर्भीक निडर होकर अपने काम में लगे रहते थे लेकिन राजनीति जीवन मैं उनके बढ़ते वर्चस्व के बाद चारों ओर विरोधियों की भीड़ एकत्रित होने लगी आम जनमानस के बीच विधायक संजय गुप्ता की बढ़ती लोकप्रियता से विपक्षी बौखला गए हैं और तरह तरह से संजय गुप्ता को पीछे करने की साजिश रची जाने लगी यहां तक कि चायल क्षेत्र के एक माफिया द्वारा उनका टिकट कटवा कर भारतीय जनता पार्टी से चायल विधानसभा क्षेत्र से विधायकी का टिकट पाने का भरसक प्रयास किया जा रहा है माफिया द्वारा लगातार पार्टी के शीर्ष नेताओं के संपर्क में रहकर चायल विधायक की झूठी शिकायत कर उनके टिकट को काट कर माफिया पुत्र खुद विधायकी का टिकट मांग रहा है बीते दिनों माफिया पुत्र ने विधायक समर्थको पर भी एक कार्यक्रम के दौरान प्राणघातक हमला किया था इस मामले में माफिया पुत्र की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है कहीं माफिया पुत्र ने तो विधायक को विधानसभा टिकट के रास्ते से हटाने की योजना बनाई हो और विधायक पर हमला कर वह चायल विधानसभा क्षेत्र में अपना एकछत्र राज्य स्थापित करना चाहता हो विधायक पर इस तरह प्राण घातक हमले के मामले में यह अहम सवाल आम जनमानस के जुबान पर है विधायक पर प्राणघातक हमले के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है और पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। घटना के वक्त कई वाहनों के काफिले में कई असलहों के साथ चायल विधायक अपने आवास प्रयागराज जा रहे थे छोटे मोटे अपराध करने वाले लोग विधायक पर हमला करने की जुर्रत नहीं कर सकते यह हमला किसी बड़े माफिया गैंगवार की साजिश का परिणाम हो सकता है चायल छेत्र का एक बालू माफिया बीते कई दशक से गैंगवार के संपर्क में है हत्या जैसे मामले में कई वर्षों से जेल की सलाखों में बंद गैंगवार सदस्यों से इस बालू माफिया पिता पुत्र के गहरे रिश्ते है।

## न्यूज झरोखा

### पीएम मोदी की रैली में शामिल महिलाओं की रुकने की भरवारी में होगी व्यवस्था



निमार्णाधीन रैन बसेरा का निरीक्षण करते प्राचार्य प्रबोध श्रीवास्तव

**भरवारी कौशांबी।** पीएम मोदी की प्रयागराज की रैली में हापुड़ से आने वाली सैकड़ो महिला नेताओ के विश्राम के लिए भरवारी के बीएस मेहता कॉलेज सहित कई स्थानों में रैन बसेरा विश्राम स्थल नगर पालिका परिषद भरवारी द्वारा बनाया गया है बताया जाता है कि पीएम मोदी की रैली में पहुंचने वाली महिलाओं के रुकने की व्यवस्था में 600 महिलाओं की रुकने की व्यवस्था बीएस मेहता कॉलेज में बनाई जा रही है जहां महिलाओं के सुविधाओं के लिए एक दर्जन शौचालय का निर्माण कराया जा रहा है मेहता कॉलेज में बन रहे रैन बसेरा और सुविधाओं के लिए एक दर्जन शौचालय के निर्माण की देखरेख नगरपालिका के जिम्मेदारों के साथ-साथ मेहता कालेज के प्राचार्य प्रबोध श्रीवास्तव भी कर रहे हैं लेकिन लोगों का कहना है कि 600 महिलाओं के रुकने के लिए एक दर्जन शौचालय बनाए जा रहे हैं तो वह पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं होंगे और रुकने वाली महिलाओं को दिक्कतें होंगी महिलाओं के रुकने की व्यवस्था में काम तेजी से चल रहा है।

# पौधारोपण के नाम पर सरकारी खजाना लूटने वालों पर नहीं हुई कार्रवाई

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** नगर पालिका परिषद मंझनपुर द्वारा जनपद मुख्यालय मंझनपुर के समदा रोड के डिवाइडर में 3 महीने पहले पौधारोपण के नाम पर गलत कार्य योजना बनाकर लाखों की रकम लूट ली गई है पौधारोपण के बाद ही सवाल खड़े होने लगे हैं मामले की शिकायत शासन स्तर तक हुई है जिस पर नगर पालिका ने पौधारोपण में अपना बचाव करते हुए फिर से पौधों में पानी देना शुरू कर दिया और पौधे को जीवित करने के नाम पर फिर लाखों की रकम बर्बाद कर दी है लेकिन बिना कार्य योजना के ढाई फीट के डिवाइडर में बड़े पेड़ की डाल लगाए जाने के मामले में नगर पालिका की भूमिका शुरू से सवालों के घेरे में रही हैं तमाम प्रयास के बाद भी डिवाइडर में पौधारोपण को नगरपालिका नहीं जीवित कर सकी है 3 महीने के बीच पौधारोपण के नाम पर सरकारी खजाना लूट लिया गया है और जांच के नाम पर बार-बार नगरपालिका के जिम्मेदारों को बचाने का प्रयास हो रहा है आखिर योगी सरकार में सरकारी खजाना लूटने वाले अधिषासी अधिकारी नगर पालिका मंझनपुर के गुनाहों पर कब तक जांच अधिकारी इन्हें बचाने का प्रयास करते रहेंगे नगर वासियों ने सरकारी खजाना लूटने वाले अधिशासी अधिकारी मंझनपुर को निलंबित करते हुए पौधारोपण के नाम पर खर्च की गई सरकारी रकम इनके वेतन से रिकवरी कराए जाने की मांग की है अब देखना यह है कि सरकारी खजाना लूटने वाले अधिषासी अधिकारी से योगीराज रिकवरी होती है या फिर इनके गुनाह पर जांच के नाम पर बार-बार पर्दा डाला जाता रहेगा। मंझनपुर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी पर कई योजनाओं पर कई करोड़ रुपए की रकम सरकारी खजाने से लूट लिए जाने का आरोप है इनके कार्यकाल में कराए गए विकास कार्य जमीनी हकीकत पर नहीं हो सके हैं शासन सत्ता के कुछ नुमाइंदे चंद्र रुपए कमीशन के लालच में अधिशासी अधिकारी मंझनपुर को बचाने का भरसक प्रयास कर रहे हैं जिन्हें आने वाले विधानसभा चुनाव में जनता सबक सिखाएगी।



पौधरोपण विहीन डिवाइडर का दृश्य।

### ग्राम प्रधान के हस्तक्षेप के बाद आंगनवाड़ी केंद्र को कोटेदार दिया राशन

**बेनीराम कटरा कौशांबी।** चायल तहसील क्षेत्र के बरियावा ग्राम पंचायत के आंगनवाड़ी केंद्र में बीते 5 महीने से कोटेदार द्वारा राशन का वितरण नहीं किया जा रहा था आरोप है कि कोटेदार आंगनवाड़ी के पात्र गर्भवती महिलाओं धात्री और बच्चों को मिलने वाले राशन की बेखौफ कालाबाजारी कर रहा था जिससे आंगनवाड़ी के लाभार्थियों में आक्रोश व्याप्त के चलते कई बार शिकायत किए जाने के बाद भी कोटेदार के कारनामे में सुधार नहीं हो सका है। कोटेदार अपनी मनमानी पर उतारू था ग्रामीणों ने आला अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए बरियावा के कोटेदार पर कठोर कार्यवाही करते हुए आंगनवाड़ी के पात्र धात्री गर्भवती महिलाएं और बच्चों को राशन वितरण कराए जाने की मांग की थी आंगनवाड़ी केंद्र में राशन वितरण ना किए जाने और कोटेदार की मनमानी की शिकायत के बाद समाचार पत्रों ने भी प्रमुखता से प्रकाशित किया जिस पर आलाधिकारियों ने मामले को संज्ञान लिया और ग्राम प्रधान को निर्देशित किया कि वह कोटेदार से आंगनवाड़ी केंद्रों में राशन पहुंचाएं आला अधिकारियों के निर्देश पर ग्राम प्रधान ने कोटेदार के जरिए आंगनवाड़ी केंद्रों की पात्र धात्री महिलाओं गर्भवती महिलाओं और पात्र बच्चों को राशन दिलाया है।



# नवोदय विद्यालय के छात्र छात्राओं ने शुरू किया आंदोलन

**कौशाम्बी।** जवाहर नवोदय विद्यालय टेवां के विद्यार्थियों ने प्रधानाचार्य पर अभद्रता और अशब्दों के प्रयोग का आरोप लगाते हुए शनिवार को आंदोलन शुरू कर दिया है आंदोलन की जानकारी मिलते ही एसडीएम मंझनपुर और क्षेत्राधिकारी विद्यालय परिसर पहुंचे हैं और छात्र छात्राओं को समझा-बुझाकर कार्यवाही का आश्वासन देकर आंदोलन समाप्त कराया है आंदोलनरत छात्र छात्राओं का आरोप है कि उनकी शिकायतों का निस्तारण सही ढंग से नहीं होता है भोजन की गुणवत्ता काफी खराब है आंदोलनरत छात्र छात्राओं ने प्रधानाचार्य पर गम्भीर आरोप लगाया है लेकिन इसके पीछे राजनीतिक साजिश की बू आ रही है कुछ स्थानीय लोग प्रधानाचार्य पर नाजायज दबाव बनाना चाहते हैं और जब वह नाजायज दबाव में सफल नहीं होते हैं तो छात्र छात्राओं को विद्यालय की व्यवस्था के प्रति भड़का कर आंदोलन के लिए तैयार कर लेते हैं जिससे स्थानीय स्तर के लोग प्रधानाचार्य पर नाजायज दबाव बनाकर अपने उद्देश्य को सफल कर सकें आला अधिकारियों की यह जिम्मेदारी है कि आंदोलनरत छात्र छात्राओं से वार्ता करके उनके मन की बातों को कुरेद ले तो आंदोलन की रणनीति बनाने वालों का चेहरा बेनकाब हो जाएगा।

### केंद्रीय गृह मंत्री को बर्खास्त करने की मांग को लेकर पत्रकारों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**चायल कौशाम्बी।** जनपद लखीमपुर खीरी में बुधवार को एबीपी न्यूज गंगा चैनल के पत्रकार नवीन अवस्थी के द्वारा केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा उर्फ टेनी के बेटे आशीष मिश्रा के बारे में पूछने पर केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने अपशब्दों का प्रयोग कर पत्रकार को धमकाया था केंद्रीय गृह राज्य मंत्री के पत्रकारों के प्रति अभद्रता पूर्ण व्यवहार से पत्रकार संघ में आक्रोश व्याप्त है। तहसील प्रेस क्लब चायल और विश्व पत्रकार महासंघ के पत्रकारों ने केंद्रीय गृह राज्य मंत्री की घोर निंदा करते हुए धरना प्रदर्शन कर उप जिलाधिकारी चायल के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा उर्फ टेनी को बर्खास्त करने की मांग की है विश्व पत्रकार महासंघ केअध्यक्ष प्रदीप कुशवाहा वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश गुप्ता ,जिला कोषाध्यक्ष अनूप केशरवानी ,सुरेश सिंह, सब्बर अली ,विनोद सिंह रन्धावा,अनिरुद्ध उपाध्याय, त्रिभुवन लाल ,श्याम पाल,धीरज पाठक ,धनंजय सिंह, संदीप त्रिपाठी, घनश्याम कुमार ,सचिन दिवाकर ,आलोक यादव ,मदन केशरवानी, परवेज आलम,राकेश केशरवानी,रवि कुमार सुनील सिंह लवकुश यादव ,अजय द्विवेदी,शिवराज यादव श्याम पाल,राकेश दिवाकर,फैजी जाफरी,मिश्री लाल,मान सिंह,निरंजन कुमार,राजेश कुमार,अमर सिंह,राजकुमार, गणेश शाहू बृजेंद्र केसरवानी रामबाबू समीर अहमद सहित सैकड़ों पत्रकार मौजूद रहे।

# क्वालटी इंस्पेक्टर की सांठगांठ से घटिया क्वालिटी के चावल का एफसीआई गोदाम में हो रहा भंडारण

अखंड भारत संदेश

**एफसीआई गोदाम में राइस मिल मालिकों का क्यों लगता है पूरे दिन जमावड़ा, शासन स्तर से भारतीय खाद्य निगम ओसा के गोदाम में भंडारण किए गए चावल के क्वालिटी की जांच कराई गई तो बड़े कारनामे उजागर होंगे**

**कौशाम्बी।** भारतीय खाद्य निगम ओसा मंडी में स्थिति गोदाम में राइस मिल मालिक और उनके प्रतिनिधियों का पूरे दिन जमावड़ा लगा रहता है आखिर राइस मिल मालिक और उनके प्रतिनिधि भारतीय खाद्य निगम के गोदाम में पूरे दिन क्या करते हैं यह जन-जन की जुबान में है सरकार द्वारा खरीदे जाने वाले सरकारी धान की कुटाई करने की जिम्मेदारी मिल मालिकों की है लेकिन धान की कुटाई कर चावल तैयार करने के बाद यह सरकारी चावल गोदाम तक पहुंचाने की जिम्मेदारी धान खरीद केंद्र प्रभारियों की है लेकिन केंद्र प्रभारी तो भारतीय खाद्य निगम के गोदाम तक नहीं जाते हैं बल्कि उसके बजाय धान मिल मालिक भारतीय खाद्य निगम के गोदाम पर जमावडा लगाते हैं सूत्रों की माने तो सरकारी धान से चावल बनाने के बाद घटिया क्वालिटी के चावल भारतीय खाद्य निगम ओसा के गोदाम तक पहुंचाए जाते हैं खटिया चावल को लेने से धान खरीद केंद्र प्रभारियों ने साफ शब्दों में इंकार कर दिया है जिससे घटिया चावल की डिलीवरी भारतीय खाद्य निगम के गोदाम में एफसीआई के क्वालिटी निरीक्षकों कर्मचारियों की सांठगांठ से करने की जिम्मेदारी धान मिल मालिकों ने ले ली है और एफसीआई के गोदाम में मौजूद क्वालिटी इंस्पेक्टर की सांठगांठ से घटिया क्वालिटी के चावल का भंडारण एफसीआई गोदाम में बेखौफ तरीके से प्रतिदिन हो रहा है भारतीय खाद्य निगम के महाप्रबंधक प्रयागराज एफसीआई गोदाम ओसा के कर्मचारियों क्वालटी निरीक्षकों के कारनामे से अभी तक अनभिज्ञ बने हुए हैं जिससे एफसीआई गोदाम में तैनात कर्मचारियों और क्वालिटी निरीक्षकों के हौसले बुलंद हैं सूत्रों की माने तो चावल की क्वालिटी में हेराफेरी कर भारतीय खाद्य निगम के ओसा स्थित भंडारण गृह के गोदाम में करोड़ों की वसूली बेखौफ तरीके से होती है यदि शासन स्तर से भारतीय खाद्य निगम के गोदाम में भंडारण किए गए चावल की क्वालिटी की जांच कराई गई तो बड़े कारनामे उजागर होंगे लेकिन क्या भारतीय खाद्य निगम के कारनामों के जांच हो पाएगी योगी सरकार की आस्था पर सवाल खड़ा हो रहा है बताते चलें कि भारतीय खाद्य निगम के गोदाम से ही चावल को पीडीएस गोदाम में भेजा जाता है यहां से चावल को कोटेदारों के माध्यम से गरीब जनता को दिया जाता है और आने वाले दिनों में गरीब जनता को घटिया क्वालिटी का चावल स्वीकार करने को विवश होना पड़ेगा।

# भैरवबाबा देवस्थान पर विशाल भंडारे का होगा आयोजन

**कौशांबी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के कोलुहआ बैरम पुर के पास भैरो बाबा देवस्थान में नौ दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ एवं संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन रविवार को किया गया है इस श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ का आयोजन यज्ञ आचार्य हीरालाल पांडेय द्वारा किया जाएगा भागवत कथा के आयोजन में कथा व्यास बालकृष्ण महाराज वृंदावन धाम के मुखारविंद से 9 दिनों तक श्री लक्ष्मी नारायण श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन सुनने के लिए इलाके के कई गांव के हजारो लोगों की प्रतिदिन भीड़ उमड़ पड़ी है श्री श्री 108 यज्ञ अधिष्ठाता महंत परमानंद महाराज के सानिध्य में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं रविवार 19 दिसंबर को आयोजित विशाल भंडारे में कार्यक्रम आयोजकों ने क्षेत्र के लोगों से भंडारे में सम्मिलित होने की अपील की है।

# जल्द चौड़ीकरण होगी लेहदरी से सराय अकिल तक की सड़क

अखंड भारत संदेश

**लोक निर्माण विभाग ने शासन को भेजा 54 किलोमीटर सड़क चौड़ीकरण का प्रस्ताव**

**कौशांबी।** लोक निर्माण विभाग ने सड़क चौड़ीकरण का प्रस्ताव भेजकर लेहदरी से सैनी सिराथू तक की 14 किलोमीटर सड़क को 7 मीटर से चौड़ीकरण कर 10 मीटर चौड़ी बनाए जाने का प्रस्ताव शासन को भेज दिया है उम्मीद जताई जा रही है कि सैनी से लेहदरी की सड़क पर शासन के स्वीकृत मिलते ही जल्द ही दस मीटर चौड़ीकरण का कार्य शुरू हो जाएगा लोक निर्माण विभाग ने सिराथू से सराय अकिल 41 किलोमीटर सड़क को भी चौड़ीकरण में शामिल किया है सूत्र बताते हैं कि विभाग ने सिराथू से सराय अकिल की सड़क के चौड़ीकरण का प्रस्ताव सरकार को भेज दिया है यह सड़क अभी तक 7 मीटर चौड़ी है जिससे आवागमन में आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं दुर्घटना रोकने के उद्देश्य से विभाग ने इस सड़क को 10 मीटर चौड़ीकरण का प्रस्ताव शासन को भेज कर स्वीकृति मांगी है उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही सिराथू से सराय अकिल सड़क भी 10 मीटर चौड़ी होगी इस सड़क के बीच में पतौना पुल की चौड़ीकरण के लिए भी विभाग ने शासन को प्रस्ताव भेजा है और जल्द ही पतौना पुल भी चौड़ा बनाए जाने का प्रयास लोक निर्माण विभाग के अधिकारी कर रहे हैं सूत्रों की मानें तो डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य की पहल पर एक सप्ताह के अंदर दोनों सड़कें और पुल का प्रस्ताव स्वीकृत होकर कार्य शुरू हो सकता है हालांकि विभागीय अधिकारियों ने सड़क के चौड़ीकरण और पुल के चौड़ीकरण पर जुबान खोलने से इनकार कर दिया है।

### मंझनपुर और ओसा चौराहा से बाईपास की मांग

**कौशांबी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर चौराहा और ओसा चौराहे पर बड़े वाहनों के आवागमन से आएदिन दुर्घटनाएं होती हैं सड़कों पर पूरे दिन जाम लगा रहता है इसी सड़क पर जिला अस्पताल है जिससे जिला अस्पताल के पास और जाम बढ़ जाता है इलाके के लोगों ने पुलिस लाइन से बाईपास सड़क निकालकर पटोन्स पुल के पास बाईपास सड़क मिलाए जाने की मांग की है लोगों का कहना है कि पुलिस लाइन के पास बाईपास सड़क का निर्माण पतौना पुल तक कर दिया जाए तो मंझनपुर और ओसा के बीच सड़कों पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है क्षेत्र की जनता ने सूबे के उपमुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराते हुए पुलिस लाइन से पतौना पुल तक फोरलेन बाईपास सड़क निर्माण की मांग की है लोगों का कहना है कि इस सड़क पर वीवीआईपी लोगों का भी आना जाना है और जाम के चलते वीवीआईपी लोगों के भी वाहन फस जाते हैं जिससे बाईपास सड़क का बनाया जाना नितांत आवश्यक है।

## सम्पादकीय

# शादी की उम्र

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने लड़कियों की शादी की न्यूनतम उम्र सीमा 18 साल से बढ़ाकर 21 साल करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। उम्मीद की जा रही है कि इससे संबंधित विधेयक मौजूदा शीतकालीन सत्र के दौरान ही संसद में पेश कर दिया जाएगा। अभी लड़कियों की शादी की उम्र 18 साल और लड़कों की 21 साल निर्धारित है। न्यूनतम उम्र सीमा में बदलाव का यह फैसला जया जेटली समिति की सिफारिशों के आधार पर किया गया है। पिछले साल गठित इस समिति को यह भी देखना था कि शादी और मातृत्व की उम्र का मां और नवजात शिशु के स्वास्थ्य और विभिन्न हेल्थ इंडिकेटर्स जैसे शिशु मृत्यु दर (आईएमआर), मातृ मत्यु दर (एमएमआर), प्रजनन दर (टीएफआर), शिशु लैंगिक अनुपात (चाइल्ड सेक्स रेश्यो या सीएसआर) आदि से कैसा और कितना संबंध है। चूंकि समिति की रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं किया गया है, इसलिए यह स्पष्ट नहीं है कि इन पहलुओं पर समिति की क्या राय बनी है, लेकिन इतना जरूर है कि उसने लड़कियों की शादी की उम्र को लड़कों के बराबर करने का सुझाव दिया है। अपने आप में यह सुझाव भी प्रगतिशील है।

आज जब हर क्षेत्र में लड़कों और लड़कियों को लेवल प्लेइंग फील्ड मुहैया कराने की कोशिश हो रही है, तब कोई कारण नहीं कि विवाह की न्यूनतम उम्र को लेकर दोनों में भेदभाव किया जाए। 18 साल की उम्र तक कॉलेज की पढ़ाई भी पूरी नहीं होती है। ऐसे में अगर लड़कों को अपनी पढ़ाई पूरी कर खुद को अच्छी नौकरी के लिए तैयार करने का मौका मिलता है तो लड़कियों को तीन साल पहले ही शादी के झंझट में डाल देने की वकालत भला कैसे की जा सकती है फिर भी यह मामला यहीं तक सीमित नहीं है। विभिन्न धार्मिक समुदायों के पारंपरिक रिवाजों और पर्सनल लॉ के प्रचलित प्रावधानों के परस्पर विरोधी स्वरूप इस एकरूपता में आड़े आते हैं। इसलिए समझा जाता है कि लड़कियों की वैवाहिक उम्र सीमा बढ़ाए जाने संबंधी इस विधेयक के साथ विभिन्न पर्सनल लॉ में संशोधन का भी प्रस्ताव लाया जाएगा। इसी बिंदु पर यह भी ध्यान रखने की जरूरत है कि ऐसे मामलों में कानून और समाज की बदलती मानसिकता के बीच का अंतर बहुत महत्वपूर्ण होता है। कानून को समाज की बदलती सोच की अगुआई करनी चाहिए, लेकिन दोनों में ज्यादा फासला नहीं बनने देना चाहिए वरना कानून पर अमल मुश्किल हो जाता है। नैशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-5 के ताजा आंकड़ों की ही बात करें तो कानूनी न्यूनतम उम्र सीमा निर्धारित रहने के बावजूद 2019 से 21 के दौरान 20 से 24 साल की 23.3 फीसदी महिलाएं ऐसी रहीं जिनकी शादी 18 साल से कम उम्र में की जा चुकी थी। साफ है कि चुनौती सिर्फ कानून के प्रावधानों को बेहतर बनाना नहीं बल्कि शिक्षा और आर्थिक विकास के जरिए समाज में उन कानूनों पर अमल के हालात पैदा करना भी है।

# कौन रोक रहा था राम मंदिर पर फैसला

**आर.के. सिन्हा**

अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के मसले पर सदियों से विवाद चला आ रहा था। यह तो सब जानते ही हैं। लेकिन यह बात कम ही लोग जानते हैं कि राम मंदिर-बाबरी मस्जिद मसले पर सुप्रीम कोर्ट में जब सुनवाई शुरू हुई तो प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से कोशिशें होती रही कि इस विवाद पर फैसला किसी तरह टल जाए। यानी अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो ही नहीं, या फिर इस मामले में विलंब होता रहे। अब जब अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का श्रीगणेश हो चुका है तो यह सनसनीखेज रहस्योद्घाटन हो रहा है कि राम मंदिर का निर्माण कुछ तत्वों को पसंद नहीं था। यह खुलासा खुद उस शख्स ने किया है, जो राम मंदिर-बाबरी मस्जिद विवाद की सुनवाई कर रही सुप्रीम कोर्ट की बैंच का सदस्य होने के साथ-साथ देश की सर्वोच्च अदालत का मुख्य न्यायाधीश भी था। हम बात कर रहे हैं देश के पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई की। रंजन गोगोई की हाल ही में लिखी एक किताब छप कर आई है। इसका नाम है ह्यजस्टिस फॉर जजह्ल इसमें रंजन गोगोई बहुत साफगोई और निर्भीकता से बताते हैं कि रामजन्म भूमि मामले में मुसलमानों के पक्ष के वकील राजीव धवन बार-बार इस तरह की बेतुकी मांगें करते रहे ताकि केस की सुनवाई किसी बहाने टलती रहे। उनका मकसद यह था कि कम से कम रंजन गोगोई के सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पद पर रहते हुए इस मसले का कोई फैसला ना आए। जब वे रिटायर हो जायेंगे, तब अगले से कैसे निपटा जाये, यह तय किया जायेगा। रंजन गोगोई ने यह घोषणा कर दी थी कि सुप्रीम कोर्ट रामजन्मभूमि विवाद मामले की हर हफ्ते सोमवार से शुक्रवार तक सुनवाई करेगा। जिससे यह साफ हो गया था कि सुप्रीम कोर्ट इस संवेदनशील मामले का फैसला नवंबर 2019 के दूसरे हफ्ते से पहले देना चाहता है। मतलब मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई के 17 नवंबर 2019 को सेवानिवृत्त होने से पहले इस केस में फैसला देश के सामने आ जाएगा। गोगोई के फैसले का यह भी अर्थ था कि रोजाना सुनवाई करने से सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय पीठ के पास 48 दिनों का कार्य समय होगा। यह समय पर्याप्त भी था, क्योंकि इस मामले में एक पक्ष निमोर्ही अखाड़ा अपनी बहस पूरी कर चुका था। सुप्रीम कोर्ट ने भी साफ कर दिया था सभी पक्षों की बहस पूरी होने के बाद उन्हें एक और मौका प्रत्युत्तर के लिए मिलेगा। देखा जाए तो इस फैसले से केस के सभी पक्षकारों को खुश होना चाहिए था कि चलो एक लटके हुए मामले में फैसला आ रहा है लेकिन यह नहीं हुआ। राजीव धवन पहले से ही कहने लगे कि वे लगातार पांच दिनों तक जिरह नहीं कर सकेंगे। उन्हें बीच में अवकाश चाहिए। तब सुप्रीम कोर्ट ने व्यवस्था दी कि वह बुधवार को अवकाश ले सकते हैं। पर उस दिन उनके बदले कोई अन्य वकील आकर जिरह करेगा। सुप्रीम कोर्ट हर हालत में तय समय में सुनवाई पूरी करना चाहता था। इसी के चलते उसने अपने रोज के कामकाज के समय को पहले शाम चार बजे और फिर शाम 5 बजे तक के लिए बढ़ा दिया था। हालांकि सुप्रीम कोर्ट का काम दिन में आमतौर पर तीन बजे तक समाप्त हो जाता है। एक बात और। इस तथ्य से सारा देश वाकिफ है कि जब राम मंदिर विवाद पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही थी तब मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई पर उनकी पूर्व जूनियर असिस्टेंट ने यौन उत्पीड़न के आरोप लगा दिए। यह इसलिए हुआ या करवाया गया ताकि किसी तरह इस मामले को लटकाया जा सके। यौन उत्पीड़न के आरोप पर रंजन गोगोई का कहना था कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता गंभीर खतरे में है और यह न्यायपालिका को अस्थिर करने की बड़ी साजिश है।

कहने वाले तो यहां तक कहते हैं कि यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली महिला के पीछे कुछ बड़ी ताकतें थीं। मोटी रकम का खेल भी बताते हैं। आरोप लगाने वाली महिला ने एक चिट्ठी सुप्रीम कोर्ट के सभी 22 जजों को भेजी थी, जिसमें जस्टिस गोगोई पर यौन उत्पीड़न करने, इसके लिए राजी न होने पर नौकरी से हटाने और बाद में उन्हें और उनके परिवार को तरह-तरह से प्रताड़ित करने के आरोप लगाए गए थे। ये सब राम जन्म भूमि विवाद पर फैसले को प्रभावित करने के लिए ही तो हो रहा था। बहरहाल, 6 अगस्त से 16 अक्टूबर, 2019 तक इस मामले पर 40 दिनों की सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। 9 नवंबर 2019 को सुप्रीम कोर्ट ने एक लंबी सुनवाई के बाद अयोध्या में मंदिर-मस्जिद विवाद पर फैसला सुनाया। 100 सालों से ज्यादा समय से चले रहे इस विवाद को तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश जस्टिस रंजन गोगोई की अगुवाई में संवैधानिक पीठ ने सर्व सम्मत फैसला सुनाया कि विवादित जमीन पर हक हिंदुओं का है। इस तरह देश के इतिहास के सबसे अहम और पांच सदी से ज्यादा पुराने विवाद का अंत हो गया।

चीफ जस्टिस रंजन गोगोई की अगुआई वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने सर्वसम्मति से फैसला सुनाया। इसके तहत अयोध्या की 2.77 एकड़ की पूरी विवादित जमीन राम मंदिर निर्माण के लिए दे दी गई। जानने वाले जानते हैं कि कांग्रेस के मौजूदा नेतृत्व और मात्र कुछ खैरख्वाहों की तरफ से हरसंभव कोशिशें होती रहीं कि कोर्ट का फैसला न आए। इसलिए सुप्रीम कोर्ट की कार्यवाही में लगातार व्यवधान डाला जाता रहा। अब उसी कांग्रेस के नेता राहुल गांधी हिंदू और हिंदुत्व पर ज्ञान दे रहे हैं। उनसे देश यह जानना चाहता है कि अगर वे हिंदू हैं, तो वो इस बात के सबूत तो दें। क्या उनकी माता सोनिया जी ने उनके पिता का धर्म और नाम परिवर्तन के बाद ही ईसाई रीति से विवाह नहीं किया था अगर उनके खानदान के लोगों ने हिंदुओं का कोई तीज-त्योहार मनाया हो तो वह बताएं। राहुल गांधी हिंदुओं में विभाजन करने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। वे बताएं कि क्या वे अयोध्या में कभी राम मंदिर के दर्शन करने के लिए भी जाएँगे राहुल गांधी यह जान लें कि जो हिंदू हैं, वो ही हिंदुत्ववादी हैं। जिसके माता-पिता ही हिंदू नहीं, वह कब का हिंदू हो गया क्या कांग्रेस ने राम मंदिर का निर्माण कराया या मंदिर निर्माण में कोई सहयोग किया यदि नहीं तो उन्हें हिंदू और हिंदुत्व पर बात करने का हक ही क्या है

# आरक्षण यानी राजनीति का दिवाला

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

सर्वोच्च न्यायालय ने महाराष्ट्र सरकार की उस याचिका को रद्द कर दिया है, जिसमें यह मांग की गई थी कि केंद्र सरकार उसे पिछड़ी जातियों के आंकड़े उपलब्ध कराए ताकि वह अपने स्थानीय चुनावों में महाराष्ट्र के पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण दे सके। केंद्र सरकार ने 2011 में जो व्यापक जन-गणना करवाई थी, उसमें नागरिकों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति पर भी आंकड़े इकट्ठे किए गए थे। न्यायाधीशों ने उस याचिका को रद्द कर दिया और कहा कि खुद केंद्र सरकार ने उन आंकड़ों को इसीलिए प्रकाशित नहीं किया, क्योंकि ह्यवे प्रामाणिक और विश्वसनीय नहीं थे। 10 साल पहले की गई जातीय जनगणना से पता चला कि भारत में कुल 46 लाख अलग अलग जातियां हैं। उनमें कौन अगड़ी है और कौन पिछड़ी, यह तय करना आसान नहीं है, क्योंकि एक प्रांत में जिन्हें अगड़ी माना जाता है, दूसरे प्रांत में उन्हें ही पिछड़ी माना जाता है। एक ही गोत्र कई अगड़ी और पिछड़ी जातियों में एक साथ पाया जाता है। कई तथाकथित अगड़ी जाति के लोग बेहद गरीब होते हैं और पिछड़ी जातियों के कई लोग काफी अमीर होते हैं।

जब अंग्रेजों ने भारत में जन जातीय जनगणना शुरू की थी तो उनका इरादा भारत की एकता को जातीय क्यारियों में बांटने का था ताकि 1857 के स्वातंत्र्य-संग्राम में उभरी राष्ट्रीय चेतना भंग हो जाए। लेकिन अंग्रेज शासकों की इस प्रवृत्ति के विरोध में गांधीजी के नेतृत्व में जातीय जनगणना का इतना तीव्र विरोध हुआ कि 1931 से इसे बंद कर दिया गया लेकिन हमारे ज्यादातर नीति विहीन राजनीतिक दलों ने अपनी जीत का आधार जाति को बना लिया। इसीलिए उनके जोर देने पर कांग्रेस सरकार ने जातीय जनगणना फिर से शुरू कर दी लेकिन इस जनगणना का विरोध करने के लिए जब मैंने मेरी जाति हिंदुस्तानी आंदोलन शुरू किया तो लगभग सभी दलों ने उसका समर्थन किया। वह जातीय जनगणना बीच में ही रुकवा दी गई। उसके आंकड़े न तो कांग्रेस सरकार ने प्रकट किए और न ही भाजपा सरकार ने। यह प्रसन्नता की बात है कि वर्तमान सरकारी वकील ने जातीय जनगणना को अवैज्ञानिक और अशुद्ध बताया है। उसने यह भी कहा है कि महाराष्ट्र सरकार ने किसी व्यवस्थित जानकारी के बिना ही 27 प्रतिशत आरक्षण पिछड़ों को दे दिया, जिस पर सर्वोच्च न्यायालय ने जो रोक लगाई है, वह ठीक है। इस वक्त बिहार, उत्तर प्रदेश और दक्षिण के भी कुछ नेता जातीय गणना की मांग पर डटे हुए हैं। सच्चाई यह है कि हमारे राजनीतिक दल वैचारिक और व्यावहारिक दृष्टि से लगभग दिवालिया हो चुके हैं। इसीलिए वे जाति और मजहब के नाम पर थोक वोट जुटाने के लिए मजबूर हैं। यह भारतीय लोकतंत्र की अपंगता का सूचक है। देश के गरीब और कमजोर लोगों को जातीय आधार पर नौकरियों में नहीं बल्कि शिक्षा और चिकित्सा में जरूरत के आधार पर आरक्षण अवश्य दिया जाना चाहिए।

# 50 वर्षों में बांग्लादेश ने जादू ही तो किया है

**जुनैद के अहमद**

बांग्लादेश को आजाद हुए 16 दिसंबर को 50 साल हो गए। जो देश कभी अंतरराष्ट्रीय मदद के भरोसे रहता था, वह इतने कम समय में मध्यम आय वाला मुल्क बन जाएगा, ऐसा हममें से शायद ही किसी ने सोचा हो। एक दशक से भी ज्यादा वक्त से बांग्लादेश की जीडीपी ग्रोथ 6 प्रतिशत बनी हुई है। शिशु जन्म दर 7 से नाटकीय ढंग से गिरकर 2.03 पर आ गई है। नवजात और शिशु मृत्यु दर में भी भारी गिरावट आई है। शिक्षा के मामले में लड़के-लड़कियों में फासला नहीं रह गया है। आपदा प्रबंधन में भी हम वैश्विक ताकत बन गए हैं। और हां, हमने अंडर 19 क्रिकेट वर्ल्ड कप भी जीता है। वह भी अपने बड़े पड़ोसी को हराकर! 50 बरसों में विकास को लेकर हमने एक जादू किया है। इस जादू के लिए जो रास्ता चुना गया, वह अनोखा है, बिल्कुल बांग्लादेशी।

आखिर हम ये मुकाम हासिल कैसे कर पाए इतिहास, मौका और सरकार की होशियारी। ये बांग्लादेश की कामयाबी की बुनियाद हैं। 70 के दशक की शुरूआत में युद्ध और तबाही मचाने वाले तूफान से रिकवरी के साथ हमारा इतिहास शुरू हुआ। इसके लिए सामुदायिक स्तर पर पहल हुई, जिसमें गैर-सरकारी तंत्र ने बड़ी भूमिका निभाई। इस पहल में ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों ने तकदीर संवारने का जिम्मा अपने हाथों में लिया। इसी पहल ने आगे चलकर बांग्लादेश में ताकतवर एनजीओ आंदोलन का रूप ले लिया। इस रिकवरी के असल नायक विदेश में काम करने वाले वर्कर्स थे। जो अपनी कमाई गांवों में रहने वाले अपने परिवार के पास भेजते रहे। इस रिकवरी के लिए हमें तकदीर की मदद और मौके की दरकार भी थी। तेल उत्पादक देशों (ओपेक) की अर्थव्यवस्था में जो तेजी आई, उससे वहां बड़े पैमाने पर लोगों को रोजगार मिला। उन वर्कर्स का भेजा गया पैसा ग्रामीण अर्थव्यवस्था में लगा, उनके घर की औरतों के जरिये। इन औरतों के खर्च करने का तरीका भी अलग था। उन्होंने उसका इस्तेमाल बच्चों को शिक्षित और हुनरमंद बनाने के लिए किया। इससे महिला सशक्तीकरण की भी शुरूआत हुई, जो बांग्लादेश के विकास की एक और अनोखी कहानी है।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था में इस तरह से जो पैसा लगा, वह सरकारी योजनाओं से अधिक फायदेमंद साबित हुआ। गैर-सरकारी संस्थानों की पहल और इस निवेश ने सामुदायिक पहल को बढ़ावा दिया। लोगों में पहले से उद्यमशीलता थी। ये लोग दूसरी जगहों से आकर इस उपजाऊ क्षेत्र में बसे और लगातार आने वाली आपदाओं से जूझना और उबरना सीखा। तब तक वजूद बनाए रखने के लिए उन्होंने जो तरीके आजमाए, वही उसके बाद राष्ट्र निर्माण के काम आए। इतिहास ने हमारे सामने जो अवसर पेश किए, उसे लेकर सरकारों का रवैया भी सही रहा। दुनिया में बहुत कम ऐसे देश होंगे, जिन्होंने कर्ज, स्वास्थ्य और शिक्षा को लेकर ऐसी वैकल्पिक व्यवस्था का समर्थन किया होगा, जैसा बांग्लादेश में हुआ। सरकार ने 70 के दशक के आखिर में प्रवासियों की ओर से भेजे जाने वाले पैसों को देखते हुए फॉरेन एक्सचेंज रेट रिफॉर्म (विदेशी मुद्रा विनिमय सुधार) किए। इस तरह से उसने इसे लेकर ब्लैक मार्केट पर रोक लगाई। गांवों में प्रवासियों की ओर से भेजी जानी वाली रकम, सामुदायिक स्तर पर सेवाएं देने के तंत्र के उभार और सशक्त एक्सचेंज रेट रिफॉर्म ने शुरूआती दौर में देश के विकास में बड़ी भूमिका निभाई। फिर सरकार ने कृषि क्षेत्र में सुधार किए। इससे किसानों को बाजार की ताकतों का फायदा उठाने का मौका मिला। युद्ध के बाद देश के कोने-कोने को सड़क और पुल बनाकर जोड़ा गया। मुझे याद है कि 70 के दशक की शुरूआत में ढाका से हमारे गांव पहुंचने में 9 घंटे लगते थे। आज यह सफर तीन घंटे से भी कम में पूरा हो जाता है।

मौके बनते रहे और सरकारें उसका फायदा उठाती रहीं। 80 के दशक में एक कोरियाई कंपनी बांग्लादेश में दाखिल हुई। किस्मत की ही बात है कि इस कंपनी ने बांग्लादेश को वैश्विक बाजार के लिए गारमेंट बनाना सिखाया। बांग्लादेश की एक कंपनी ने जो पहल की थी, सरकार की सहायता से उसे व्यापक फलक मिला। सरकार की पहल से सभी गारमेंट एक्सपोर्टर्स को बिना किसी टैक्स के आयातित कच्चा माल मिलने लगा। यह काम बॉन्डेड वेयरहाउस सिस्टम के जरिये किया गया। बांग्लादेश ने शुरू में निर्यात के लिए अलग से जोन नहीं बनाए। इसके बजाय उसने वेयरहाउस सिस्टम का लाभ देश में कहीं के भी गारमेंट एक्सपोर्टर्स को दिया। इसलिए वे अपनी सहूलियत के हिसाब से कहीं भी फैक्ट्री लगा पाए। इससे इन कंपनियों को लागत कम रखने में मदद मिली। आज बांग्लादेश दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा गारमेंट एक्सपोर्टर है। इस उद्योग से वहां के बड़े पैमाने पर युवा महिलाओं को रोजगार मिला है। कामगारों में महिलाओं की भागीदारी और बढ़ी है। 80 के दशक के मध्य में सरकार नई औद्योगिक नीति लेकर आई। भारत से पांच साल पहले। इस तरह से बांग्लादेश में एक झटके में ह्यलाइसेंस राजह्ल का खात्मा हुआ। 80 के दशक के आखिर तक व्यापार के क्षेत्र में उदारीकरण हुआ। पहले जहां देश में जरूरत की चीजें बनाने पर ध्यान था, उस नीति को छोड़ दिया गया। सरकारी कंपनियों का अर्थव्यवस्था में दबदबा था। लेकिन समय के साथ सरकार ने ग्रामीण समुदाय और निजी कंपनियों की उद्यमशीलता को बढ़ावा दिया। सच कहूं तो ये बदलाव आसान नहीं रहे। इन्हें सहज मानना बांग्लादेश के मुश्किल राजनीतिक सफर के साथ नाइंसाफी होगी। हमारा देश क्रूर राजनीतिक हत्याओं का गवाह बना। उसने सैन्य तानाशाही देखी और बगावत करके लोकतंत्र हासिल किया। मेरा बांग्लादेश से गहरा और निजी रिश्ता है। मेरी उम्र मेरे देश से अधिक है। इस देश के जन्म में मेरे माता-पिता, सास-ससुर और मेरे परिवार के कई लोगों की भूमिका रही है। वे पहली पीढ़ी के राष्ट्र निमार्ता रहे। उन्होंने हमें एक आजाद मुल्क दिया, जिसके सामने असीम संभावनाएं थीं। 50 साल पूरे करने के बाद मन में यही सवाल आता है कि बांग्लादेश के आने वाले 50 साल कैसे होंगे इतना तो तय है कि ये आसान नहीं होंगे, लेकिन इतिहास साक्षी है कि जो भी चुनौतियां आएंगी, बांग्लादेश उनसे पूरी ताकत से निपटेगा।

# क्या विराट पर बोर्ड से गलती हुई

**मनोज चतुर्वेदी**

विराट कोहली और रोहित शर्मा के संबंधों की खटास को लेकर दोनों खिलाड़ियों की सफाई आने के बाद भी यह गुत्थी और उलझती नजर आ रही है। रोहित शर्मा को टी-20 टीम का कप्तान बनाते समय ही विराट कोहली को इस बात का अहसास हो गया होगा कि देर-सबेर वनडे की कप्तानी भी उनके हाथों से जाने वाली है। विराट कोहली को वनडे कप्तानी से हटाने से शायद ही किसी को एतराज होगा। आखिर उनके ऊपर कोई भी आईसीसी ट्रॉफी न जीत पाने का ठप्पा लगा हुआ है। लेकिन इस मामले को जिस तरह से बीसीसीआई ने हैंडल किया, उससे यह गुत्थी ज्यादा उलझी है। चोटिल होने की वजह से दक्षिण अफ्रीकी दौरे की टेस्ट टीम से रोहित शर्मा के हटने के बाद इस मामले को जैसा मोड़ दिया गया, वह निश्चय ही गलत है। रोहित के टेस्ट टीम से हटने के बाद यह खबर हवा में तैरी कि विराट कोहली वनडे सीरीज के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे और यह उन्होंने बीसीसीआई को बता दिया है। सूत्रों के हवाले से चलाई गई इस खबर का मतलब यह निकाला गया कि विराट और रोहित एक-दूसरे की कप्तानी में खेलने को तैयार नहीं हैं। सचाई का पता लगाए बगैर तमाम पूर्व खिलाड़ी प्रतिक्रिया भी देने लगे। बाद में विराट कोहली ने बताया कि उन्होंने तो वनडे सीरीज से हटने के लिए बीसीसीआई को लिखा ही नहीं है। इससे लगता है कि बीसीसीआई से जुड़े किसी व्यक्ति ने जानबूझकर यह झूठी खबर फैलाई। विराट कोहली के यह कहने से कि टी-20 की कप्तानी छोड़ते समय किसी बोर्ड अधिकारी ने उनसे फैसले पर दोबारा सोचने को नहीं कहा था, बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली की विश्वसनीयता पर सवालिया निशान लग गया है। उनके मुताबिक विराट को टी-20 की कप्तानी नहीं छोड़ने के लिए कहा गया था, लेकिन वह राजी नहीं हुए। इसलिए बीसीसीआई और चयनसमिति को उन्हें वनडे की कप्तानी से हटाना पड़ा क्योंकि वनडे और टी-20 दोनों ही वाइट बॉल फॉरमैट में आते हैं। सवाल यह है कि यदि बीसीसीआई और चयन समिति ह्यएक फॉरमैट, एक कप्तानह्ल के लॉजिक में विश्वास करता है तो रोहित को टी-20 का कप्तान बनाते समय ही वनडे का भी कप्तान क्यों नहीं बनाया गया आम तौर पर माना जाता है कि बीसीसीआई से करार वाले खिलाड़ी उसके खिलाफ बयान नहीं दे सकते हैं। लेकिन विराट ने कोई बयान तो दिया नहीं है। दौरे पर रवाना होने से पहले अधिकृत संवाददाता सम्मेलन में पूछे गए सवालों के जवाब दिए हैं। यह भी कहा जा रहा है कि विराट से टी-20 कप्तानी न छोड़ने की बात पांच चयनकताओं और तीन बीसीसीआई अधिकारियों के सामने की गई थी, लेकिन बोर्ड इस बारे में कोई बयान जारी करता है तो कप्तान झूठे साबित होंगे, जिसका टीम के मनोबल पर प्रभाव पड़ेगा। इसलिए बीसीसीआई ने फिलहाल इस मामले को तूल न देने का फैसला किया है। विराट कोहली 2014 में ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर धोनी के कप्तानी छोड़ने पर टेस्ट कप्तान बने और 2017 में उन्हें तीनों प्रारूप का कप्तान बनाया गया। यह वह दौर था, जब बीसीसीआई का संचालन सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त विनोद राय की अध्यक्षता वाली प्रशासकों की समिति के हाथों में था। इस दौर में विराट कोहली को फ्री हैंड दिया गया। धीरे-धीरे उनका कद इतना बड़ा हो गया कि उनके फैसलों के आगे बीसीसीआई भी झुका नजर आता था। उन्होंने कई मौकों पर मनमाने फैसले भी किए, जिनकी आलोचना हुई।

बहरहाल, बीसीसीआई का इतिहास गवाह है कि उसने हमेशा अपने को सर्वोपरि रखा है। इस कारण तमाम बार ताश के पत्तों को फेटने की तरह कप्तान बनाए और हटाए गए। उदाहरण के लिए, आरके पटेल 1958 से 1960 तक बीसीसीआई के अध्यक्ष रहे थे। उनके कार्यकाल में एक साल में पांच कप्तान बना दिए गए थे। ये कप्तान थे- पॉली उमरीगर, गुलाम अली, वीनू मांकड, हेमू अधिकारी और डीके गायकवाड़। भारत का 1971 का ऐतिहासिक वेस्टइंडीज दौरा खेलप्रेमियों को अच्छे से याद होगा। इस दौरे पर भारत ने वेस्ट इंडीज के खिलाफ उसके घर में पहली बार सीरीज जीती थी। इस दौरे के लिए कप्तान का चयन जिस तरह से हुआ, वह गजब ही था। मंसूर अली खां पटौदी का कप्तान के तौर पर जाना लगभग तय था। लेकिन आखिरी पलों में कप्तान बनाया गया अजित वाडेकर को। वाडेकर अपनी पत्नी के साथ सब्जी खरीदने बाजार गए थे। घर लौटने पर पत्रकारों का जमावड़ा देखा और तब पूछने पर मालूम हुआ कि उन्हें कप्तान बना दिया गया है। साल 1975 में तो फारूख इंजीनियर टॉस के लिए जाने वाले थे, पर उन्हें सूचना दी गई कि वेंकट राघवन को कप्तान बना दिया गया है। ऐसी घटनाएं सिर्फ भारत में ही नहीं होतीं। पाकिस्तान में आपसी राजनीति की वजह से कई कप्तानों को पद गंवाना पड़ा है। वहां तो यह आलम रहा है कि कराची का कप्तान होने पर लाहौर लॉबी पीछे पड़ जाती थी और लाहौर का कप्तान बनने पर कराची लॉबी उसे हटवाने में लग जाती थी। ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड में जरूर पारदर्शिता है। फिर भी टिम पेन के मामले में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की गलती उजागर हुई है। बोर्ड इस बात से वाकिफ था कि टिम पेन लड़की को भद्दे संदेश लिख रहे हैं। फिर भी उन्हें कप्तानी से हटाने का फैसला नहीं किया गया। जब इस मामले का भंडाफोड़ हो गया, तभी पेन को कप्तानी से हटाया गया। जहां तक टीम के परफॉर्मेंस की बात है तो कोच राहुल द्रविड़ गंभीर व्यक्ति हैं। विराट और रोहित दोनों ही उनका सम्मान करते हैं। इसलिए दौरे पर बात और बिगड़ने की आशंका नहीं है। जहां तक इस विवाद की परिणति का सवाल है तो बहुत कुछ टीम और कप्तान के परफॉर्मेंस पर भी निर्भर करेगा। यदि विराट कोहली इस दौरे पर भारत को टेस्ट सीरीज जिताने में कामयाब हो जाते हैं तो मामला रफा-दफा होने की ज्यादा संभावना रहेगी, लेकिन अगर भारत सीरीज में बुरी तरह हारता है तो बहुत संभावना है कि रोहित शर्मा तीनों प्रारूपों में कप्तान नजर आएं।

# अब मिथला तक महकणा छिन मांगल गीत

**प्रदीप कुमार वेदवाल**

21वीं शताब्दी का यूं इक्कीस सालू मा एक बात बड़ी असान सि ह्वै ग्यै कि लोक की बात तैं देश-विदेश तक क्वी कठिन काम नि रै ग्यै। अब आप गढ़वालि.मा गयै जांण वला मांगल.गीतू तैं हि ल्यै ल्यावा। कैन रचि होला यू मांगल.गीता, कैन मिसै होर्लि.यूं मांगलकि गीतूं कि सुरीली भौंण कै तैं पता नी ई बात कू। लेकिन जब 21वीं सदीं मा जन्मीं 21 सालकि मैथिली ठाकुर गढ़वालि.म मांगल.गीत गांद त क्वी नि सोच सकदू कि मैथिली कू गौं गढ़वाल कि कैं भि पट्टी से नी बिहार का मधुबनी जिला कू बेनीपटी गौं च। मैथिली का मांगल.गायन म आवाज कू उतार-चढ़ाव का दगडा-दगडि उच्चारण भि इतना अच्छू च कि पौड़ी जिला म मन्यारस्यूं पीपली कि मंगलैनी दिवंगत भंद्रा क ब्वे क याद ए जांद। मांगल.माने मांगलिक मौकों पर गयै जांण वला मांगलकि गीत। मांगल.गढ़वाल.म संस्कार का गीत हूंदन। नौना कि जड्योंण (चूड़ाकर्म) से लेकि ब्यौला-ब्यौलि क विवाह संस्कार म यूं मांगलकि मांगलू.क बड़ा हि बेजोड छिन। कुछ खास-खास संस्कारू क मांगलू.क ओद गडणि इख्मा भौत जरूरी ह्वै जांद। जबकि हलदि कुटण्दौ सगुन वाचन, न्यूतो, गणेश कि वंदना, बांदा, हलदि लगांद दावां, नवांद दावां से लैकि धूलय़र्ग, गोत्रोच्चार, सप्तपदी संस्कार, गौदान, बिदै का मांगल, बेटि तैं शिक्षा अर ब्योलि-ब्योला गृह प्रवेश का मांगल.गढ़वाल मु संगता गयै जंदिन सब्बि जगा लोकप्रिय छिन। मांगल.लगांण वलि.जनन्यूं तैं मंगलैऱ अर कखि-कखि मंगलैनि भि बुल्यै जांद। शुभकारिज म मंगलगीत लगौंण वलि.यूं मां-बैंड्यूं, दीदि-भुल्यूं तैं सदानि ही खूब आदर दिये जांद। एक तरां से मंगलैऩ्यूं तैं न्यूतिक बुल्यै जांद अर पुजिक विदा करै जांद। बीता कुछेक सालू बिटिन ब्यौ-बरत्यूं मा अब मांगल.ग्रुप तैं बुलाणकु रिवाज सि हूण लगि ग्यै। दिल्ली, देरादूण, चंडीगढ अर बंबे जना महानगरूं, शहरूं म ब्यौ-बरत्यूं म मंगलेऩ्यूं औण अब भौत हि भलु लगद। गढ़वाल का चौबट्टाखाल म त भलु लगद नौ कि एक स्वयंसेवी संस्था स्कुल्या नौन्यूं तैं पहाड़ी वाद्ययंत्रूं तैं बजाण कि ट्रैनिंग भि दीणि च। गढ़वालि.लोकगीतू की जणगूर डॉ. माधुरी बड़थ्वाल त ना केवल नौन्यूं तैं अर बेटी-ब्वार्यूं तैं मांगल.गीत कू महत्व बिंगाणी-समझाणी छिन बकैदा सिखाणी भि छिन। डॉ. बड़थ्वाल त महिलाओं से ढोल-दमौ भि बजवांणि छिन। कितगा मन खुदेंद जब क्वी जनानि मशकबीन पर भौंण बजौंद कि ह्यकिल्है ह्वाया सुरिजो धूमैलो हे, किल्है ह्वाया सुरिजै धुमैलो हे या फिर बेटि बिदै कू मांगल.कि ह्यपैटावा पितजी, पैटावा पितजी प्यूंली पिटार, मिन जाण पितजि चौदीशूं पार।

# मिचेल स्टार्क और नाथन लियोन के सामने इंग्लैंड 236 पर ढेर, ऑस्ट्रेलिया को 282 रन की लीड



**नईदिल्ली।** तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क (37 रन पर चार विकेट) और ऑफ स्पिनर नाथन लियोन (58 रन पर तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी से ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की एशेज सीरीज के दूसरे डे-नाइट टेस्ट मैच के तीसरे दिन शनिवार को इंग्लैंड को पहली पारी में 236 रन पर समेट दिया। ऑस्ट्रेलिया को इस तरह पहली पारी में 237 रन की भारी भरकम बढ़त मिली, लेकिन उसने फॉलोआन न कराकर दूसरी पारी में खेलने का फैसला किया और स्टंप्स तक 17 ओवर में एक विकेट खोकर 45 रन बना लिए। डेविड वॉर्नर 38 गेंदों में 13 रन बनाकर रन आउट हुए। ऑस्ट्रेलिया के पास अब 282 रन की कुल बढ़त हो गई है। स्टंप्स के समय मार्कस हैरिस 59 गेंदों में तीन चौकों की मदद से 21 रन और नाईट वॉचमैन माइकल नेसर छह गेंदों में दो रन बनाकर बनाकर क्रीज पर थे। इससे पहले, इंग्लैंड ने कल के दो विकेट पर 17 रन से आगे खेलना शुरू किया। डेविड मलान ने एक और कप्तान जो रूट ने पांच रन से अपनी पारी को आगे बढ़ाया। दोनों स्कोर को 150 तक ले गए। रूट 116 गेंदों में सात चौकों के सहारे 62 रन बनाकर कैमरून ग्रीन का शिकार बने। इस साझेदारी के टूटते ही इंग्लैंड ने अपने आखिरी आठ विकेट 86 रन जोड़कर गंवा दिए। मलान को स्टार्क की गेंद पर कप्तान स्टीव स्मिथ ने लपका। मलान ने 157 गेंदों में 10 चौकों के सहारे 80 रन बनाए। बेन स्टॉल्स ने 98 गेंदों में तीन चौकों और एक छक्के की मदद से 34 रन तथा क्रिस वोक्स ने 40 गेंदों में पांच चौकों के सहारे 24 रन बनाए।

लियोन ने इंग्लैंड के निचले मध्य क्रम को निपटाया जबकि स्टार्क ने स्टुअर्ट ब्रॉड को आखिरी बल्लेबाज के रूप में आउट कर इंग्लैंड की पारी समेट दी। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से स्टार्क ने 37 रन पर चार विकेट, लियोन ने 58 रन पर तीन विकेट, ग्रीन ने 24 रन पर दो विकेट और माइकल नेसर ने 33 रन पर एक विकेट लिया।स्टार्क के पिंक बॉल टेस्ट मैचों में 50 विकेट पूरे हो गए हैं और वह ऐसा करने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बन गए हैं। स्टार्क ने केवल नौ डे-नाइट मैचों में ही 50 विकेट का आंकड़ा छूआ।

## जेम्स एंडरसन ने रचा इतिहास, टेस्ट क्रिकेट में उनसे पहले कोई नहीं कर पाया ये कारनामा



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने एशेज सीरीज के दूसरे टेस्ट में इतिहास रच दिया। उन्होंने एडिलेड टेस्ट के दूसरे दिन ये कारनामा किया। अपनी गेंदबाजी से विपक्षी बल्लेबाजों की कमर तोड़ने वाले एंडरसन ने बल्ले से भी कमाल किया है। वो टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में 100 बार नॉटआउट रहने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे पहले कोई भी खिलाड़ी ये कारनामा नही कर पाया है। एंडरसन ने पहली पारी में नाबाद 5 रन बनाए और वो नॉटआउट रहे। एंडरसन के बाद टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा बार नॉटआउट रहने का रिकॉर्ड वेस्टइंडीज के दिग्गज बल्लेबाज कर्टनी वॉल्श के नाम है। वो टेस्ट क्रिकेट में 61 बार नॉटआउट रहे थे। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी 473/9 पर घोषित की। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से मार्नस लाबुशेन ने 103, डेविड वॉर्नर ने 95 और स्टीव स्मिथ ने 93 रन बनाए। इंग्लैंड की तरफ से बेन स्टोक्स ने सबसे अधिक तीन विकेट लिए। इसके बाद उसने इंग्लैंड को पहली पारी में 236 रन पर समेट दिया। इस तरह उसे पहली पारी में 237 रनों की बढ़त मिली।

मेहमान टीम की तरफ से डेविड मलान ने 80 और कप्तान जो रूट ने 62 रन की नाबाद पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से मिचेल स्टार्क ने चार विकेट, नाथन लियोन ने तीन विकेट, ग्रीन ने दो विकेट और माइकल नेसर ने एक विकेट लिया। ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे दिन स्टंप तक 17 ओवर में एक विकेट खोकर 45 रन बना लिए। डेविड वॉर्नर 38 गेंदों में 13 रन बनाकर रन आउट हुए। ऑस्ट्रेलिया के पास अब 282 रन की कुल बढ़त हो गई है। गाबा टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 9 विकेट से हराया था

## पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सलमान बट ने बताया, टीम इंडिया के विदेशी दौरे में टेस्ट में कामयाबी का क्या है राज





**नई दिल्ली।** टीम इंडिया ने पिछले कुछ सालों में विदेशी दौरों में लगातार कामयाबी हासिल की है। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर सलमान बट ने विदेशी दौरों पर भारत की सफलता के पीछे की वजहें बताई। भारत के साथ न्यूजीलैंड को भी टेस्ट क्रिकेट में बेहतरीन टीम माना जाता है। साल 2018 में भारत के साउथ अफ्रीका दौरे से भारतीय टीम के पुर्नजन्म की प्रक्रिया शुरू हुई। हालांकि टीम इस दौरे में टेस्ट सीरीज नहीं जीत सकी, लेकिन उसने टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए तीसरे टेस्ट में जोहान्सबर्ग में शानदार जीत हासिल की। विराट कोहली की अगुवाई में टीम इंडिया ने आने वाले सालों में अपनी जीत की लय को बरकरार रखा। उसने ऑस्ट्रेलिया को उसके घर में 2 बार हराया। इस साल गर्मियों में भारत इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-1 से आगे थी। लेकिन टीम इंडिया के कैंप में कोविड के केस आने के बा पांचवा टेस्ट नहीं खेला जा सका। भारत अब साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेलने के लिए पूरी तरह से तैयार है। हाल ही में टीम इंडिया के विदेशों में प्रदर्शन को देखते हुए इस बात की काफी उम्मीद है कि वो साउथ अफ्रीका में अपनी पहली टेस्ट सीरीज जीत सकती है।

सलमान बट ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, भारत इसके लिए तैयारी करता है। अगर आप देखें तो भारत ए टीम इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया जाती है।

# गौतम गंभीर की आईपीएल में हुई धमाकेदार वापसी, नई टीम लखनऊ ने अपना मेंटॉर बनाया

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की नई लखनऊ फ्रेंचाइजी ने पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर को अपने सपोर्ट स्टाफ में शामिल किया है। दो बार के आईपीएल विजेता कप्तान गंभीर एक मेंटॉर के रूप में लखनऊ टीम में शामिल होंगे। लखनऊ फ्रेंचाइजी के मालिक सांजी गोयनका ने शनिवार को इसकी पुष्टि की। उन्होंने कहा, हां, हमने उनके साथ करार किया है। पूर्वी दिल्ली से भाजपा सांसद गंभीर अपनी कप्तानी में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को दो आईपीएल खिताब दिला चुके हैं।

गंभीर की नियुक्ति गोयनका के आरपीएसजी ग्रुप की दूसरी बड़ी घोषणा है, जिसने अक्टूबर में फ्रेंचाइजी को 7090 करोड़ रुपये में खरीदा था। कोलकाता नाइट राइडर्स और दिल्ली कैपिटल्स के पूर्व कप्तान गंभीर अब लखनऊ के कोच एंडी फ्लावर के साथ काम करेंगे, जिन्हें हाल में टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया था। आईपीएल 2022 में खिताब की जंग आठ की जगह 10 फ्रेंचाइजी टीमों के बीच होगी। लखनऊ और अहमदाबाद की दो नई फ्रेंचाइजी टीमें मैदान पर उतरेंगी। लखनऊ टीम ने हाल में जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान और स्टार क्रिकेटर रहे एंडी फ्लावर को हेड कोच नियुक्त किया है। आईपीएल 2022 के लिए पुरानी आठ फ्रेंचाइजी टीमें अपने रिटेन्ड खिलाड़ियों के नाम जारी कर चुकी हैं, जबकि दो नई फ्रेंचाइजी टीमें मेगा ऑक्शन से पहले तीन खिलाड़ियों को अपने साथ जोड़ सकती हैं। गंभीर के



अलावा उनके दिल्ली और कोलकाता नाइट राइडर्स के टीम साथी विजय दहिया भी लखनऊ फ्रेंचाइजी से जुड़े हैं। पूर्व भारतीय विकेटकीपर दहिया के टीम के सहायक कोच के रूप में शामिल होने की उम्मीद है।

दहिया वर्तमान में उत्तर प्रदेश राज्य टीम के मुख्य कोच हैं। 40 साल के गंभीर इस समय केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा के सांसद हैं। गंभीर ने नौ साल के अपने शानदार इंटरनेशनल करियर में 58 टेस्ट, 147 वनडे और 37 टी20 मैच खेले हैं। वह 10 सीजन तक आईपीएल में खेले और इस दौरान उन्होंने 154 मैचों में दिल्ली और कोलकाता की टीमों का प्रतिनिधित्व किया। आईपीएल की नई लखनऊ फ्रेंचाइजी का मेंटॉर बनने के बाद गंभीर ने सोशल मीडिया पर एक बयान में कहा, डा (संजीव) गोयंका और आरपीएसजी ग्रुप का मुझे अपनी टीम में यह शानदार मौका देने के लिए शुक्रिया। मुकाबला जीतने का जज्बा अब भी मेरे अंदर बरकरार है। एक विजेता की विरासत छोड़ने की इच्छा अब भी मेरे अंदर चौबीस घंटे बनी रहती है। मैं ड्रेसिंग रूम के लिए नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश की टीम के लिए मुकाबला करूंगा। फ्रेंचाइजी के मालिक संजीव गोयंका ने भी गंभीर का आरपीएसजी परिवार में स्वागत किया है।

## आयोग के सदस्य का हुआ भव्य स्वागत

### नगर पंचायत कार्यालय पर ईओ ने किया स्वागत

अखंड भारत संदेश

**किशनी।** प्रदेश बाल संरक्षण अधिकार आयोग के सदस्य बनने पर डाक्टर प्रिय रंजन आंसू दिवाकर का नगर प्रथम आगमन पर जोशीला स्वागत किया,नगर में काफिले के साथ पहुँचे आशू का जगह जगह भाजपा कार्यकताओं ने माला पहनाकर स्वागत किया,नगर पंचायत कार्यालय पर ईओ अभय रंजन ने आशू दिवाकर व भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप चौहान का स्वागत किया,स्वागत से अविभूत डाक्टर आसू दिवाकर ने कहा कि प्रदेश सरकार ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है उसका वो पूरी ईमानदारी के साथ निर्वाह करेंगे,जिले में हर बच्चे को अच्छी शिक्षा और हर सुविधा मिले इसके लिए जल्द ही अधिकारियों से बार्ता करेंगे,स्वागत करने करने बालो में रामनरेश गुप्ता विनोद गुप्ता सुधीर गुप्ता मुनीन्द्र सिंह शिवेंद्र चौहान आदेश गुप्ता, ओमजी दुबे राजीव यादब अमित वर्मा बीरू चौहान चौहान ऋषव राज,रवि चौहान, अमित चौहान, पारस गुप्ता आदि।



## सुविधा शुल्क पर दो सचिवों की जांच शुरू

**भदोही।** रबी सीजन में किसानों से डीएपी का दाम निर्धारित शुल्क से अधिक लेना दो सचिवों को भारी पड़ गया। दोनों के खिलाफ जांच शुरू हो गई है। सीडीओ के निर्देश पर एडीओ कृषि को जांच सौंपी गई है। एक सप्ताह में जांच रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया है। गेहूं की बुआई के सीजन में डीएपी की किल्लत होने से किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ा। आपूर्ति और जरूरत के बीच अंतर होने के कारण निजी दुकानों से भी किसानों को खरीदारी करनी पड़ी। इस दौरान कुछ सचिवों ने लाभ उठाने का प्रयास किया और तय रेट से अधिक कीमत किसानों से लिया। किसानों ने अभोली के मतेथू सहकारी समिति और कृषक सेवा केंद्र सुरियावां की शिकायत सीडीओ से की। आरोप लगाया कि डीएपी की तय रेट से 100 से 150 रुपये अधिक बढ़ाकर लिया गया। मुख्य विकास अधिकारी भानु प्रताप सिंह ने मामले को संज्ञान में लिया और जांच का निर्देश दिया।

## अखिलेश की आंधी में उड़ जाएगी भाजपा : तेजप्रताप

अखंड भारत संदेश

**किशनी।** आने बाले विधानसभा चुनाव में सपा अखिलेश यादव के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी आज विजय यात्रा में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को जो आपार जनता का समर्थन मिल रहा है उससे ये तय हो गया कि अखिलेश की आंधी में भाजपा का सफाया हो जाएगा,चुनाव योगी का है और देश के प्रधानमंत्री मोदी यूपी में पूरी ताकत लगा रहे है यूपी की जनता भाजपा के किसी भी लोभ लालच में न फसकर सपा को समर्थन करेगी,उक्त विचार पूर्व सांसद तेजप्रताप यादव ने नगर में एक शोरूम का फीता काटने के दौरान व्यक्त किये, उन्होने कहा कि आज परेशान प्रदेश की जनता अखिलेश के विकास कार्य देख रही है सपा की सरकार बनते ही प्रदेश में खुशहाली आ जायेगी,कानून व्यवस्था की बात करने बाली भाजपा लखीमपुर के मंत्री पर आज तक कोई कार्यवही नही कर पाई जबकि मन्त्री अब चौथे स्तंभ पर भी हमला करने लगा,सपा के सभी कार्यकर्ता सपा की सरकार बनाने के लिए लग जाये कभी भी प्रदेश में चुनाव की तारीखों का एलान हो सकता है,इस मौके पर इंजी रामपाल यादव,जगराम यादव नरेंद्र मेम्बर,प्रधान चन्द्रपाल यादव प्रवेश यादव गुडडू, मुकुल यादव आशीष जाटव,योगेश कठेरिया गौरव बाल्मीकि,सुमन कठेरिया,गिरीश कठेरिया आदि लोग मौजूद रहे।

## बिना कनेक्शन आ गया छह लाख का बिजली बिल

अखंड भारत संदेश

**भदोही।** नगर के एक कालीन कंपनी के नाम विद्युत विभाग द्वारा छह लाख रुपये बिजली का बिल भेजने से मालिकान सकते में आ गया। चूंकि कंपनी के नाम पहले से 12 कनेक्शन हैं और उन पर कोई बकाया नहीं है। इससे लोगों को स्पष्ट हो गया कि विभागीय त्रुटि से ऐसा हुआ है।

कंपनी ने अधिशासी अभियंता को लिखे शिकायत में बिल निरस्त करने की मांग की है। मामला नगर के कालीन फर्म आरएमसी कलेक्शंस का है। इसके संचालक कालीन निर्यातक हाजी अब्दुल रब अंसारी ने बताया कि कंपनी के नाम पहले से 12 बिजली कनेक्शन हैं और सबका बिल भुगतान समय पर होता है तथा वर्तमान में कोई बकाया नहीं है, लेकिन दो दिन पूर्व उनके मोबाइल पर छह लाख चार हजार नौ सौ बाइस रुपये का बिजली बिल आया।

बताया कि आवश्यक पड़ताल के बाद उन्हें अहसास हो गया कि यह विभागीय गड़बड़ी से हुआ है। इसके बाद जब बिल की प्रति मंगाकर देखा तो उसमे कंपनी के मामदेवपुर बंधवा इकाई पर विद्युत कनेक्शन का बिल लिखा था। जबकि वहां बिजली का कनेक्शन ही नहीं लिया है। उन्होंने शुक्रवार को एक्सईएन को पत्र लिख कर बिल निरस्त करने की मांग की। इस बाबत एक्सईएन अभिषेक यादव ने कहा कि शिकायत मिली है। मामला गंभीर है। एसडीओ से मौके का स्थलीय निरीक्षण कर रिपोर्ट मांगी गई है। रिपोर्ट आने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## लोनिवि के खिलाफ ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश

**भदोही।** डीघ ब्लॉक में ग्रामीण सड़कों की बदहाली को लेकर जोगापुर समेत कई गांवों के ग्रामीणों का गुस्सा शुक्रवार को फूट पड़ा। नाराज ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया। चेतावनी दिया कि सड़क न बनी तो वह चुनाव में मतदान का बहिष्कार करेंगे। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में सड़कों को बेहतर बनाने का दावा तो किया जाता है लेकिन धरातल पर स्थिति ठीक नहीं है।

पांच से 10 साल पूर्व बनी सड़कों की मरम्मत न होने से आवागमन करना मुश्किल हो गया है। 45 दिन में लोक निर्माण विभाग ने जिले में लगभग तीन करोड़ खर्च कर दिया लेकिन डेढ़ सौ से अधिक सड़कें जस की तस रह गई। उन पर आवागमन करना हर समय किसी न किसी अनहोनी को बढ़ावा दे रहा है। चंदापुर मोड़ से जोगापुर, भरद्वार, धनईपट्टी, अरता, सगरा समेत अन्य तटवर्तीय गांवों को जोड़ती हैं। लगभग 10 वर्ष पहले उक्त सड़क का निर्माण लोक निर्माण विभाग हजारों रुपये खर्च कर कराया था। रखरखाव में बरती गई लापरवाही से गड्ढों की भरमार होने, उखड़ी गिट्टियां परेशानी बढ़ा दी है। कहा कि एक सप्ताह में बदहाल सड़क का निरीक्षण कराकर प्रस्ताव में शामिल नहीं कराया जा सका तो ग्रामीण डीएम का घेराव करेंगे। जरूरत पड़ी तो चुनाव में मतदान का बहिष्कार भी करेंगे। प्रदर्शन करने वालों में प्रदीप शुक्ला, अमीत शुक्ला, जय तिवारी, धीरज शुक्ला, विकास, मीथिलेश, मनीष व हेमंत आदि रहे। अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग एसबी राव ने बताया कि उक्त सड़क को प्रस्ताव में शामिल किया जा चुका है। बजट मिलने पर निर्माण कराया जाएगा।

# मैनपुरी में प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका की गोली मारकर हत्या

अखंड भारत संदेश

**मैनपुरी।** शिक्षिका की हत्या के बाद से ससुराल वाले फरार हैं, पुलिस हत्या के सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। मैनपुरी में शुक्रवार को सनसनीखेज घटना घटित हुई। प्राथमिक विद्यालय में तैनात शिक्षिका की गोली मारकर हत्या कर दी गई। शिक्षिका का शव छोड़कर ससुराल वाले फरार हो गए। पुलिस को महिला की छाती में गोली के निशान मिले हैं। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।ससुराल वालों पर लगाया आरोप जनपद फरुर्खाबाद के थाना मोहम्मदाबाद क्षेत्र के गांव रोहिला निवासी नेत्रपाल सिंह यादव ने अपनी पुत्री चंद्रिका उर्फ मोनिका यादव की शादी बिछवां क्षेत्र के गांव अंजनी निवासी ध्रुव यादव के साथ की थी। वर्तमान में ध्रुव कोतवाली क्षेत्र में देवी रोड पर भारत गैस एजेंसी के सामने मकान बनाकर रह रहा था। चंद्रिका शिक्षिका थीं और वर्तमान में उनकी तैनाती प्राथमिक विद्यालय रूपपुर करहल रोड पर थी। मृतका के परिवार वालों ने आरोप लगाए हैं कि बेटी का पति ध्रुव अक्सर शराब पीकर घर आता था और झगड़ा करता था। गुरुवार की देर रात उसने अपने पिता की राइफल से चंद्रिका के सीने पर गोली मारकर हत्या कर दी।अस्पताल ले गए शव वारदात को अंजाम देने के बाद शिक्षिका को जिला अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों द्वारा मोनिका को मृत घोषित कर दिया गया। इसके बाद पति सहित सभी ससुरालीजन भाग गए। सूचना मिलने के बाद पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम में रखवाया। मृतका की मां धनदेवी ने पति ध्रुव यादव, देवर बल्लू, ससुर सर्वेश व सास के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है। पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। अमर बहादुर, सीओ सिटी



# बिजली के पोल शिफ्ट न होने पर किया प्रदर्शन

### पोल शिफ्ट न होने पर सभासद ने धरने की दी चेतावनी

अखंड भारत संदेश

**किशनी।** नगर पंचायत के मोहल्ला गढ़ी में सड़क निर्माण के दौरान बिजली के पोल शिफ्ट न होने पर नगरवासियों में आक्रोश फैल गया।उन्होंने बिजली विभाग के विरुद्ध प्रदर्शन कर पोलों को किनारे शिफ्ट कराने की मांग की है।वार्ड सभासद ने धरने पर बैठने की चेतावनी दी है।नगर पंचायत के मोहल्ला गढ़ी में माइनर की पटरी पर सीसी रोड का निर्माण हो रहा है।सदर बाजार से गढ़ी होकर ये मार्ग बाईपास पर ग्वालियर बरेली राष्ट्रीय राजमार्ग में जुड़ता है।आधी सीसी रोड का निर्माण नगर पंचायत द्वारा कराया जा चुका है।मोहल्ला गढ़ी में लगे बिजली के चार पोल सड़क चौड़ी होने के कारण सड़क के मध्य में आ गए हैं।कई बार नगर पंचायत कार्यालय द्वारा बिजली विभाग से पोल को किनारे करने के लिये पत्र लिखा गया लेकिन पोल किनारे नहीं किये गए।विद्युत विभाग ने चार पोल शिफ्ट करने का ढाई लाख रुपये का खर्चा बताया है जो गलत है।पोल सड़क के मध्य में होने के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।शुक्रवार को गढ़ी मोहल्ले के लोगों ने सभासद जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में प्रदर्शन किया।उन्होंने आरोप लगाया कि सड़क का निर्माण होने के बाद पोल शिफ्ट होने पर सड़क टूट जाएगी।जितेंद्र कुमार ने पोल शिफ्ट न होने पर धरने की चेतावनी दी।विद्युत विभाग के एक्सईएन आशीष गुप्ता ने बताया कि पोल शिफ्ट न होने की जानकारी उन्हें है।शनिवार को एसडीओ को मौके पर भेजकर समस्या का निस्तारण कराएंगे। प्रदर्शन करने वालों में पूर्व सभासद रामबाबू जाटव, सोनू जाटव,रमेश जाटव,मनोज जाटव,विनोद जाटव, सूरज कुमार, सप्पू जाटव सहित कई लोग मौजूद रहे।

# महाराष्ट्र में ओमिक्रोन के तीन और कर्नाटक में छह नए केस मिले, चंडीगढ़ में सभी स्कूल होंगे बंद

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के नए वैरिएंट ओमिक्रोन के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं। महाराष्ट्र में एक दंपति और उनकी 13 वर्षीय बेटी को ओमिक्रोन से संक्रमित पाया गया है। वहीं कर्नाटक में ओमिक्रोन के छह नए मामले सामने आए हैं। इस तरह देश में ओमिक्रोन के कुल मामले बढ़कर 122 हो गए हैं। कोरोना का यह वैरिएंट उत्तर प्रदेश समेत देश के 12 राज्यों तक पहुंच गया है। ओमिक्रोन के खतरे को देखते हुए चंडीगढ़ प्रशासन ने शहर के स्कूलों को बंद करने का फैसला लिया है। दिल्ली सरकार ने भी इस वैरिएंट को लेकर कदम उठाए हैं।



कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री के. सुधाकर ने शनिवार को बताया कि राज्य में ओमिक्रोन के छह नए मामले सामने आए हैं। छह मामलों में से पांच दक्षिण कन्नड़ जिले के दो शैक्षणिक संस्थानों से सामने आए। समाचार एजेंसी पीटीआइ की रिपोर्ट के मुताबिक इसके साथ ही कर्नाटक में ओमिक्रोन के संक्रमितों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है।

वहीं पुणे के अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि पश्चिमी महाराष्ट्र के सतारा में युगांडा से लौटे एक दंपति और उनकी 13 वर्षीय बेटी में ओमिक्रोन के संक्रमण की पुष्टि हुई है। दंपति की एक दूसरी बेटी जिसकी उम्र पांच साल है उसे भी कोविड-19 पाजिटिव पाया गया है। राहत की बात है कि इस बच्ची में ओमिक्रोन की पुष्टि नहीं हुई है। अधिकारियों ने बताया कि चारों के नमूने जीनोम जांच के लिए भेजे गए थे जिनकी रिपोर्ट शनिवार को आई। वहीं ओमिक्रोन पर उभरती चिंताओं के बीच दिल्ली सरकार ने शनिवार को बड़ा कदम उठाते हुए चार निजी अस्पतालों को ड्ढेश्व्ल्ल समर्पित केंद्रों में तब्दील कर दिया। इन चार अस्पतालों में सर गंगा राम अस्पताल, मैक्स (साकेत), फोर्टिस (वसंत कुंज) और बत्रा अस्पताल (तुगलकाबाद) शामिल हैं। अब लोक नायक जय प्रकाश (एलएनजेपी) समेत दिल्ली के कुल पांच अस्पताल ओमिक्रोन के संक्रमितों को इलाज की सुविधा मुहैया कराएंगे। मालूम हो कि दिल्ली में ओमिक्रोन के कुल 22 मामले सामने आए हैं। देश में कोरोना संक्रमण के नए मामलों में गिरावट जारी है। सक्रिय मामले भी लगातार कम हो रहे हैं। पिछले 24 घंटे के दौरान सक्रिय मामलों में 1,850 की गिरावट दर्ज की गई है। वर्तमान में सक्रिय मामले घटकर 84,565 रह गए हैं जो कुल मामलों का 0.24 प्रतिशत है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शनिवार सुबह आठ बजे अपडेट किए गए आंकड़ों के मुताबिक पिछले एक दिन में 7,145 नए केस मिले हैं और 289 लोगों की जान गई है, जिनमें 243 मौतें अकेले केरल और 12 महाराष्ट्र से हैं। पिछले कुछ समय से केरल सरकार कोरोना के चलते पहले ही मौतों को नए आंकड़ों के साथ मिलाकर जारी कर रही है। महाराष्ट्र में नवी मुंबई नगर निगम (एनएमएमसी) के मुताबिक घंसोली इलाके में स्थित एक स्कूल में 16 छात्रों को कोरोना से संक्रमित पाया गया है। ये सभी कक्षा आठवीं से 11वीं के छात्र हैं। एनएमएमसी के एक अधिकारी ने बताया कि 11वीं के एक छात्र को संक्रमित पाया गया था।

## गंगा में पीएम के अकेले स्नान का जिक्र कर बोले राहुल गांधी

# मोदी जी बचपन में मगरमच्छ से लड़े थे...

**अमेठी।** कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद की ओर से खड़े किए गए विवाद के बाद हिंदू और हिंदुत्ववादी के बीच फर्क बताने में जुटे राहुल गांधी ने शनिवार को अमेठी में बताया कि हिंदुत्ववादी गंगा में अकेले स्नान करता है, जबकि हिंदू करोड़ों लोगों के साथ। राहुल ने कहा कि उन्होंने पहली बार किसी को गंगा में अकेले स्नान करते हुए देखा।



राहुल का इशारा पीएम नरेंद्र मोदी की तरफ था, जिन्होंने हाल ही में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के उद्घाटन से पहले गंगा में डुबकी लगाई थी। राहुल गांधी ने कहा, हमने देखा कि प्रधानमंत्री जी ने गंगा में स्नान किया। पहली बार मैंने देखा कि एक आदमी स्वंय गंगा में स्नान कर रहा है। मैंने कभी देखा नहीं, इतिहास में कभी नहीं हुआ कि एक आदमी जाकर... बाकी सबको हटा दिया। योगी जी को हटा दिया, राजनाथ सिंह को बाहर फेंक दिया, नहीं भैया। पूरी दुनिया ने देखा कि एक आदमी अकेला गंगा में स्नान कर रहा है। और कोई नहीं कर सकता है।

इस दौरान मंच के आगे खड़े लोगों ने कुछ टिप्पणी की तो राहुल ने कहा, मैं ज्यादा नहीं बोलूंगा वो आपने देखा क्या हुआ क्या नहीं। इस बीच राहुल ने हंसते हुए कहा, आपको याद होगा, जब नरेंद्र जी छोटे थे उन्होंने मगरमच्च से लड़ाई लड़ी थी। मुझे तो लगा था तैरना ही नहीं आता, वह अलग बात है। उस दिन ऐसे हाथ फैला-फैला के...।

## कोरोना के कारण माता-पिता को खोने वाले बच्चों को भी लैपटॉप देगी योगी सरकार

**गोरखपुर।** कोरोना संक्रमण के कारण अपने अभिभावक को खोने वाले गोरखपुर के 100 बच्चों को सरकार लैपटाप देगी। जिला प्रोबेशन कार्यालय की ओर से ऐसे बच्चों की सूची बनाई जा रही है। उत्तर प्रदेश बाल सेवा योजना के तहत चार हजार रुपये प्रतिमाह की सहायता पाने वाले बच्चों में से उन बच्चों को इस सूची में शामिल किया जाएगा जो कक्षा नौ या इससे ऊपर की कक्षाओं में पढ़ रहे हैं। उत्तर प्रदेश बाल सेवा योजना के तहत निराश्रित हुए बच्चों को प्रदेश सरकार की ओर से चार हजार रुपये प्रतिमाह दिए जाते हैं। यह धनराशि उनका पालन-पोषण करने वाले अभिभावक के खाते में दी जाती है। सरकार ने इनमें से बड़े बच्चों को पढ़ाई में सुविधा के लिए लैपटाप देने का निर्णय लिया था। शासन से निर्देश मिलने के बाद जिला प्रोबेशन अधिकारी के नेतृत्व में इन बच्चों की सूची तैयार की जा रही है।



उत्तर प्रदेश बाल सेवा योजना के तहत अभी जिले में 458 बच्चे सहायता प्राप्त कर रहे हैं। इनमें से 100 बच्चे कक्षा नौ या इससे ऊपर की कक्षाओं में पढ़ रहे हैं। सूची में कुछ और नाम भी जुड़ सकते हैं। सूची बनाकर जल्द ही शासन को भेज दी जाएगी। मुख्यमंत्री के हाथों लैपटाप वितरण की शुरूआत हो सकती है। इसकी तिथि अभी घोषित नहीं की गई है। जिला प्रोबेशन अधिकारी सर्वजीत सिंह ने बताया कि अभी तक 100 बच्चों का चयन किया गया है प्रक्रिया अभी जारी है। इन बच्चों को पढ़ाई में सुविधा के लिए लैपटाप दिया जाएगा। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश बाल सेवा योजना के तहत बच्चों के पालन-पोषण के लिए तीन महीने की दूसरी किस्त जल्द ही लाभार्थियों के खाते में भेजी जाएगी।

# रिटायर आर्मी ऑफिसर ने कैंसर पीड़ित बहन के लिए लगाई मदद की गुहार

## पीएम मोदी ने फोन कर दिया मदद का भरोसा

**नईदिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके काम करने के तरीकों से सभी वाकिफ हैं। पीएम मोदी की खास बात है कि वो हर छोटी बड़ी गतिविधियों पर बड़ी बारीकी से अपनी नजरें बनाएं रखते हैं। शनिवार को भी कुछ ऐसा ही हुआ, जब पीएम मोदी ने रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल डीएस हुड्डा को फोन कर और उनकी बहन की स्वास्थ्य को लेकर चिंता व्यक्त की और उचित सहायता का भी आश्वासन दिया। यह सब केवल एक ट्वीट के बाद हुआ। जनरल हुड्डा उत्तरी कमान के सेना कमांडर चुके हैं और उन्होंने सितंबर 2016 में पाकिस्तान के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक प्लानिंग की थी और उसे अंजाम दिया था। दरअसल,



जनरल हुड्डा की बहन और सेना के अधिकारी कर्नल कर्मवीर सिंह की पत्नी सुषमा हुड्डा ने पहले प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर अपने ब्रेस्ट कैंसर के इलाज और भारत में उपलब्ध सीमित साधनों, विदेशी दवाइयों की मंजूरी के बारे में बताया था। इसके बाद शनिवार को लेफ्टिनेंट जनरल डीएस हुड्डा ने ट्विटर पर अपनी बहन सुषमा हुड्डा के ट्वीट को शेयर करते हुए लिखा था, सुषमा हुड्डा मेरी बहन हैं, जो कई सालों से कैंसर की मरीज हैं और उसकी उम्मीद कम हो रही है। भावनाओं को एक तरफ रखते हुए नई दवा को मंजूरी देने से उसके जैसे कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। हुड्डा ने अपने ट्वीट में प्रधानमंत्री ऑफिस और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को टैग किया था। इस ट्वीट के कुछ घंटे बाद हुड्डा ने एक और ट्वीट किया। जिसमें उन्होंने पीएमओ की तरह से फोन आने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पीएमओ की तरफ से फोन आया था और पीएम मोदी से बात भी हुई है। जिन्होंने मेरी बहन की तबीयत पर चिंता भी जाहिर की है। हुड्डा ने आगे कहा कि पीएम मोदी के फोन कॉल के बाद वे वास्तव में विनम्र और सम्मानित महसूस किए, खासकर जब यह कहा कि केस को देखा जाएगा।



## सपा नेताओं के घर छापेमारी पर बोले डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा, इनकम टैक्स स्वतंत्र विभाग, अपने तरीके से काम करता

**इटावा।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने कहा है कि सपा मुखिया अखिलेश यादव के करीबियों पर इनकम टैक्स की छापामारी का कोई राजनीतिक मकसद नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा इस तरह की राजनीति नहीं करती है। इनकम टैक्स स्वतंत्र विभाग है और वह अपना काम अपने तरीके से करता है। इटावा हिंदी सेवा निधि के सम्मान समारोह में शामिल होने आए डॉ दिनेश शर्मा ने पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि केंद्र सरकार से जुड़ी एजंसियों के काम से भाजपा का कोई भी लेना देना नहीं है। उन्होंने कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव के आरोप बेबुनियाद है। उन्होंने कहा कि भाजपा कभी भी राजनीतिक उद्देश्यों के लिए काम नहीं करती है। सपा-प्रसपा के गठबंधन के बाद छापेमारी पर अखिलेश यादव के बयान की अभी तो इनकम टैक्स आया है आगे ईडी और सीबीआई भी चुनाव मैदान में उतरेगी। इस पर दिनेश शर्मा ने कहा कि कौन क्या कहता है इससे कोई लेना देना नहीं न कोई फर्क पड़ता है। उपमुख्यमंत्री ने सिंचाई विभाग के डाक बंगले में भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश भरा और कहा कि भाजपा 300 से अधिक सीटें लाकर फिर सरकार बनाएगी। डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा ने सैफई में विभागीय अफसरों संग बैठक में कहा कि सरकार की ओर से स्मार्टफोन व टेबलेट का वितरण किया जाना है।

# सरकार बनी तो महिलाओं को देंगे 1500 की पेंशन, गरीबों को देंगे मुफ्त राशन : अखिलेश

**रायबरेली।** भाजपा ने पहले नवंबर तक राशन मुफ्त देने की बात कही थी लेकिन सत्ता जाते देख इसको मार्च तक बढ़ा दिया। यह गरीबों के साथ मजाक है। समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी तो सभी गरीबों को हमेशा मुफ्त राशन दिया जाएगा। बहनों और महिलाओं को 500 की जगह 1500 रुपये समाजवादी पेंशन दी जाएगी। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने जनसभाओं को सम्बोधित करते हुए यह ऐलान किया। भाजपा के लाल टोपी वाले बयान पर कहा कि जय प्रकाश जी रूस गए थे। वहां की क्रांति देखकर जब वह आए तो सामाजवाद लाने के लिए उन्होंने लाल टोपी पहनी। लाल क्रांति के साथ ही भावनाओं का रंग होता है लेकिन एकरंगी लोग भावनाओं को क्या समझे। पीएम व सीएम पर हमला बोलते हुए कहा कि जिनके परिवार नहीं होते हैं उन्हें रिश्तों की कद्र नहीं होती है।

शनिवार को दौरे के दूसरे दिन मुंशीगंज, ऊंचाहार व सलोन में जनसभा में उमड़ी भीड देख उत्साहित पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा की सरकार फेकू के साथ बेचू सरकार है। सरकारी संस्थान रेल, हवाई अड्डे, जहाज, बंदरगाह सभी यह सरकार बेच रही है। महंगाई दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, किसानों की आय बढ़ाने की बात कही थी लेकिन सरकार किसानों की बोरी से चोरी कर रही है। उन्हें खाद तक पूरी नहीं दे रही है। बेरोजगारों के साथ खिलवाड़ कर रही है। पहले नौकरी नहीं देती, अगर नौकरी का विज्ञापन निकाला तो परीक्षाएं रद्द कर दी। अगर परीक्षा करानी पड़ी तो पेपर लीक करा देती है। सीएम अपने को योगी कहते हैं, सदन में टैबलेट देने की बात कहते हैं लेकिन साढ़े चार साल में किसी को नहीं दिया। इसके पीछे कारण यह है कि सीएम को लैपटॉप, कम्प्यूटर, स्मार्ट फोन चलाना ही नहीं आता है। सरकार खेतों में घूम रहे सांड़ तक नहीं पकड़ पा रही है।




### योगी उपयोगी नहीं बल्कि अनुपयोगी है....पीएम मोदी के नए नारे पर अखिलेश का तंज

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा के लिए यूपी प्लस योगी बहुत है अपयोगी का शनिवार को नया नारा गढ़ने के कुछ समय बाद समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रदेश की मौजूदा सरकार को राज्य के लिए अनुपयोगी करार दिया। यादव ने एक ट्वीट में कहा, हाथरस की बेटी, लखीमपुर का किसान, गोरखपुर का व्यापारी, असुरक्षित महिला, बेरोजगार युवा, पीड़ित दलित-पिछड़े सब कह रहे हैं। यूपी के लिए वर्तमान सरकार उपयोगी नहीं, अनुपयोगी है।

## यूपी विधानसभा चुनावः प्रत्याशियों को लेकर आयोग ने जारी किए नए नियम, नामांकन से पहले खुलवाना होगा बैंक में नया खाता

**लखनऊ।** अगले साल की शुरूआत में होने जा रहे विधान सभा चुनाव में उतरने वाले हर उम्मीदवार को चुनाव खर्च के लिए अपना एक अलग बैंक खाता खोलना होगा। इस बारे में केन्द्रीय चुनाव आयोग ने निर्देश जारी किये हैं। आयोग ने कहा है कि ऐसे उम्मीदवारों द्वारा नामांकन दाखिल करते समय अपने इस बैंक खाते की खाता संख्या उस निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर को लिखित में सूचित की जाएगी। जहां भी प्रत्याशियों ने अपना बैंक खाता नहीं खोला होगा या बैंक खाता संख्या की सूचना नहीं दी गयी होगी, ऐसे प्रत्याशियों को रिटर्निंग अधिकारी नोटिस जारी करेंगे। आयोग ने कहा है कि चुनाव व्यय के उद्देश्य से बैंक खाता या तो प्रत्याशी के नाम से या उसके चुनाव एजेण्ट के साथ संयुक्त रूप से खोले जा सकेंगे। बैंक खाता उम्मीदवार के परिवार के किसी सदस्य या किसी अन्य व्यक्ति के नाम से नहीं खोला जा सकेगा। ऐसे बैंक खाते राज्य में कहीं भी खोले जा सकते हैं। यह खाते सहकारी बैंकों सहित किसी भी बैंक या डाकघर में खोले जा सकते हैं। अभ्यर्थी के पहले से खुले बैंक खाते को निर्वाचन व्यय के प्रयोजन के लिए प्रयोग नहीं किया जाएगा। आयोग ने प्रत्याशियों द्वारा सभी चुनाव खर्च केवल इस बैंक खाते से ही किए जाने के निर्देश दिए हैं। प्रत्याशी द्वारा निर्वाचन संबंधी कार्यों पर किए जाने वाले सभी व्यय अपनी निधि सहित इस बैंक खाते में डाले जाएंगे तथा चुनाव परिणामों की घोषणा की तारीख से 30 दिनों की अवधि के भीतर दाखिल किए जाने वाले निर्वाचन व्यय को विवरण सहित इस बैंक खाते की स्वप्रमाणित प्रति जिला निर्वाचन अधिकारी को प्रस्तुत की जाएगी।




## वियना में जारी ईरान परमाणु वार्ता स्थगित, यूरोपीय यूनियन ने बताया निराशाजनक

**विएना।** विश्व शक्तियों के साथ 2015 में हुए ईरान के परमाणु समझौते को बचाने के लिए चल रही वार्ता शुक्रवार को स्थगित कर दी गयी ताकि ईरानी वातार्कार स्वदेश जाकर विचार-विमर्श कर सकें। तेहरान की नयी मांगों को लेकर इस दौर की वार्ता तनावपूर्ण रही है। यूरोपीय संघ के राजनयिकों ने कहा कि यह "निराशाजनक विराम" है और विएना में वातार्कार "तेजी से आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं।" हालांकि, उन्होंने अभी तक "कुछ तकनीकी प्रगति" करने की ओर इशारा किया है। वार्ता में शामिल एक वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी ने निराशा जतायी। अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर पत्रकारों से कहा, "यह जितना हो सकता था उससे बेहतर था, जितना होना चाहिए था उससे बदतर था, जिससे हम एक अनिश्चित स्थिति में पहुंच गए हैं कि क्या हम कम समय में अपने लक्ष्य पर पहुंच सकते हैं।वार्ता में भाग लेने वाले लोगों ने कहा कि उनका उद्देश्य जल्द से जल्द वार्ता बहाल करना है हालांकि, उन्होंने इसके लिए अभी तक कोई तारीख तय नहीं की है। चीन के मुख्य वातार्कार वान कुन ने कहा कि "उम्मीद है कि इस साल के अंत से पहले वार्ता बहाल हो जाएगी।" वार्ता की अध्यक्षता करने वाले यूरोपीय संघ के राजनयिक एनरिक मोरा ने कहा, मुझे उम्मीद है कि 2021 में ही वार्ता होगी। 'ज्वाइंट काम्प्रिहेंसिव प्लान ऑफ एक्शन' या जेसीपीओए के नाम से पहचाने जाने वाले परमाणु समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले देशों के बीच विएना में 29 नवंबर को वार्ता शुरू हुई।



# पाकिस्तानः कराची के प्राइवेट बैंक में जोरदार धमाका, 12 की मौत, नाले में बनी गैस ने उड़ाई इमारत

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के कराची शहर के परचा चौक के नजदीक हुए एक ब्लास्ट में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई है। इस विस्फोट में 12 लोग घायल हो गए हैं जिन्हें नजदीकी हॉस्पिटल ले जाया गया है। घायलों में 4 लोगों की हालात नाजुक बताई जा रही है। फिलहाल खोज और बचाव अभियान जारी है और ऐसे में मरने वालों की संख्या अधिक हो सकती है। पुलिस अधिकारी जफर अली शाह ने जानकारी दी है कि विस्फोट एक प्राइवेट बैंक के नीचे एक नाली में हुआ। जिसे परिसर खाली करने के लिए नोटिस दिया गया था ताकि नाले को साफ किया जा सके। शाह ने कहा कि विस्फोट में बैंक की इमारत और पास का एक पेट्रोल पंप क्षतिग्रस्त हो गया। अधिकारी ने कहा कि ऐसा संदेह है कि इमारत के नीचे नाले में गैसों के जमा होने से विस्फोट हुआ।



पुलिस प्रवक्ता ने बाद में बताया है कि विस्फोट स्थल की जांच के लिए एक बॉम्ब डिस्पोजल स्क्वाड को बुलाया गया था। स्क्वाड द्वारा रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद ब्लास्ट के पीछे का कारण निर्धारित किया जा सकता है। पुलिस ने एक बयान में कहा कि इससे पहले अधिकारी विस्फोट स्थल पर पहुंचे और इलाके की घेराबंदी कर दी। विस्फोट के फुटेज में क्षतिग्रस्त इमारत और जमीन पर मलबा दिखाई दे रहा है। मलबा हटाने की कोशिश में स्थानीय लोग भी सहयोग कर रहे हैं।

### रूस की वर से मांग, कहा यूक्रेन और कोई भी पूर्व सोवियत देश नाटो से नहीं जुड़े

**नई दिल्ली।** यूक्रेन को लेकर अमेरिका और यूरोपीय यूनियन संग जारी तनाव के बीच रूस ने कुछ मांगे रखी है। रूस ने कहा है कि यूक्रेन और पूर्व सोवियत देशों को नाटो की सदस्यता नहीं दी जानी चाहिए। इसके साथ ही क्रेमलिन ने कहा है कि मध्य और पूर्वी यरोप में सौनिकों और हथियारों की तैनाती को जल्द से जल्द वापस ले लिया जाना चाहिए। रूस ने पश्चिमी देशों से मांग की है कि वे कानूनी गारंटी दें कि यूक्रेन को नाटो में शामिल नहीं करेंगे और साझेदार देशों में हथियारों की तैनाती नहीं करेंगे।

वाइट हाउस ने कहा है कि वह अमेरिकी सहयोगियों और भागीदारों के साथ बातचीत कर रहा है। वाइट हाउस ने चेतावनी देते हुए कहा है कि सभी देश को बाहरी हस्तक्षेप के बिना अपना भविष्य निर्धारित करने का अधिकार है। अमेरिका ने यूक्रेन पर रूसी हमले का खतरा बताया है।

**अखंड भारत संदेश** के लिए (स्वामी श्री योगी सत्यम योग सत्संग समिति) क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान झूसी प्रयागराज उत्तर प्रदेश 211019 से प्रकाशित एवं विपिन इंटरप्राइजेज 1/6C माधवकुंज, कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

स्वामी श्री योगी सत्यम योग सत्संग समिति पी.आर.बी .एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदाई। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

UPHIN 29506